हिन्दी साप्ताहिक
# भारत निविदा लाईन समाचार
पत्र क्राइम की हर खबर....

■ वर्ष : 18 ■ अंक:17 ■ नई दिल्ली 31 जनवरी से 06 फरवरी 2025 ■ पृष्ठ : 08 ■ मूल्य : 02 रुपए




सलमान-रश्मिका की फिर बनेगी जोड़ी

## एक नजर

### रोजगार के लिए लीबिया गए 18 भारतीय स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली।** लीबिया के बेन्गाजी में रोजगार के लिए गए 18 भारतीय नागरिक भारतीय दूतावास की मदद से आज स्वदेश लौट आए हैं।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर एक पोस्ट में जानकारी दी थी कि लीबिया में भारतीय दूतावास ने लीबिया के बेन्गाजी से 18 भारतीय नागरिकों की वापसी की सुविधा प्रदान की है और वे बुधवार को भारत पहुंचेंगे।

श्री जायसवाल ने कहा कि ये भारतीय लीबिया में रोजगार के लिए गए थे और कई हफ्तों से फंसे हुए थे। दूतावास ने स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया और आवश्यक प्राधिकार और यात्रा दस्तावेज उपलब्ध कराने में भारतीय श्रमिकों की सहायता की। उन्होंने कहा कि जबकि उनके मामले को देखा जा रहा था, दूतावास उनकी भलाई सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ लगातार संपर्क में रहा और रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में उनकी सहायता की। इसी समूह के तीन अन्य भारतीय नागरिक दूतावास की सहायता से पिछले अक्टूबर में भारत लौटे थे। भारतीय दूतावास ने लीबिया के अधिकारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### आधिकारिक उपकरणों पर एआई का उपयोग नहीं करें: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने सरकारी अधिकारियों को आधिकारिक उपकरणों पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टूल का इस्तेमाल नहीं करने का निर्देश दिया है। मंत्रालय के व्यय विभाग ने हाल ही जारी एक परिपत्र में यह निर्देश देते हुए कहा कि एआई वाले टूल सरकारी डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इसमें कहा गया है यह निर्धारित किया गया है कि कार्यालय के कंप्यूटरों और उपकरणों में एआई उपकरण और एआई ऐप (जैसे चैटजीपीटी, डीपसीक आदि) सरकारी डेटा और दस्तावेजों की गोपनीयता के लिए जोखिम पैदा करते हैं। इसलिए, यह सलाह दी जाती है कि कार्यालय उपकरणों में एआई उपकरण/एआई ऐप के उपयोग से सख्ती से बचा जाए। इसे सभी कर्मचारियों के ध्यान में लाया जाना चाहिए।

### मोदी ने आगा खान के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने इस्माइली मुस्लिम समुदाय के धर्म-गुरु आगा खान चतुर्थ के निधन पर बुधवार को गहरा शोक व्यक्त किया और उनके अनुयायियों तथा प्रशंसकों के प्रति संवेदना व्यक्त की। श्री मोदी ने अपने शोक संदेश में कहा है, महामहिम राजकुमार करीम आगा खान चतुर्थ के निधन से बहुत दुखी हूं। वे एक दूरदर्शी व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना जीवन सेवा और आध्यात्मिकता के लिए समर्पित कर दिया। स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में उनके योगदान से कई लोगों को प्रेरणा मिलती रहेगी। प्रधानमंत्री ने कहा है, मैं उनके साथ अपनी बातचीत को हमेशा संजो कर रखूंगा। उनके परिवार और दुनिया भर में उनके लाखों अनुयायियों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएँ। प्रधानमंत्री ने श्री खान के साथ अपनी मुलाकात के कुछ फोटो भी सोशल मीडिया पर सार्वजनिक किए हैं।

# एग्जिट पोल ने दिल्ली में खिलाया कमल, बिखर गई झाड़ू

- आप का दावा पूर्ण बहुमत से बनाएंगे सरकार
- बीजेपी को बहुमत बता अधिकतर एग्जिट पोल

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतदान समाप्त होने के बाद विभिन्न मतदान पश्चात सर्वेक्षणों (एग्ज़िट पोल) में से अधिकांश में आम आदमी पार्टी (आप) सत्ता से बाहर होती और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार बनाती दिख रही है।

विभिन्न चैनलों पर जारी एग्ज़िट पोल में पांच में भाजपा और दो में आप को सरकार बनाते दिखाया गया है।

पोल डायरी के अनुसार आप को 18-25, भाजपा को 42-50, कांग्रेस को 00-02 और अन्य को 01 सीट मिलने की संभावना है।

मैट्रिज के मुताबिक आप को 32-37, भाजपा को 35-40 और कांग्रेस को 00-01 सीट, चाणक्य स्ट्रैटिजीज के हिसाब से आप को 25-28, भाजपा को 39-44 और कांग्रेस को 02-03 सीटें, पीपुल्स इन्साइट के अनुसार आप को 25-29, भाजपा को 40-44 और कांग्रेस को 00-01 सीट तथा पी-मार्क के अनुसार आप को 21-31 भाजपा को 39-49 कांग्रेस को 00-01 सीटें मिल सकतीं हैं।

वहीं वीप्रिसाइड के हिसाब से आप को 46-52, भाजपा को 18-23 और कांग्रेस को 00-01 सीट तथा माइंड ब्रिंक के मुताबिक आप को 44-49, भाजपा को 21-25 और कांग्रेस 00-01 सीट मिलने की उम्मीद है।




### दिल्ली में बनेगी डबल इंजन सरकार: सचदेवा



नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने दावा किया है कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी। श्री सचदेवा ने बुधवार को कहा, ह्लकई वर्षों का संघर्ष आज खत्म होगा। दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनेगी और विकसित दिल्ली बनाने के लिए आज दिल्ली की जनता वोट करेगी। उन्होंने कहा, दिल्ली में जिस तरह श्री अरविंद केजरीवाल अपनी हार को निश्चित मानकर गुंडागर्दी कर रहे हैं, वह निंदनीय है। कल रात हमने देखा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी का सहयोगी 05 लाख रुपये के साथ पकड़ा गया। आप समझ सकते हैं कि आम आदमी पार्टी का चरित्र क्या है।

### दिल्ली चुनाव में सत्य की होगी जीत: आतिशी




नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने दिल्ली वासियों से मतदान करने की अपील करते हुए कहा कि चुनाव में सत्य की विजय होगी। सुश्री आतिशी ने एक्स पर बुधवार को कहा ह्लदिल्ली का आज का चुनाव, सिर्फ.एक चुनाव नहीं है, धर्म युद्ध है। यह अच्छाई और बुराई की लड़ाई है। यह काम और गुंडागर्दी की लड़ाई है। मेरी सभी दिल्ली वासियों से अपील है कि अपना वोट डालें। काम के लिये वोट डालें, अच्छाई के लिए वोट डालें। सत्य की विजय होगी। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा प्यारे दिल्लीवासियों, आज वोट का दिन है। आपका वोट सिर्फ.एक बटन नहीं, ये आपके बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव है।

### दिल्ली विस चुनाव के लिए मतदान संपन्न, औसतन 57.86 प्रतिशत मतदान




नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए मतदान की समाप्ति तक औसतन 57.86 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राष्ट्रीय राजधानी में सुबह से कुल मिलाकर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर , केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, भाजपा दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मुख्यमंत्री आतिशी और उनके पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल ने आज ईवीएम का बटन दबाया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी वोट डाले। चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी विजय देव और दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने भी अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान कालकाजी विधानसभा क्षेत्र के मादीपुर में एक मतदान केन्द्र पर वीवीपैट में गड़बड़ी के कारण करीब 15 मिनट तक मतदान प्रकिया रुकी रही। कालकाजी विधानसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अलका लांबा ने इसी मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सीलमपुर में मुस्लिम महिलाओं पर बुर्के पहनकर फर्जी वोट डालने का आरोप लगाया है। इसको लेकर भाजपा कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया। इसके अलावा कहीं से किसी तरह की अप्रिय घटना की रिपोर्ट सामने नहीं आयी है। दिल्ली पुलिस ने ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी विधायक एवं उम्मीदवार अमानतुल्लाह खान के खिलाफ जामिया नगर थाने में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज किया है।

### एग्जिट पोल में आप को हमेशा कम आंका गया : सौरभ भारद्वाज



ग्रेटर कैलाश विधानसभा से आप उम्मीदवार सौरभ भारद्वाज का कहना है कि हमने दिल्ली के तीन चुनाव लड़े हैं और यह चौथा विधानसभा चुनाव है जो हम लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2013, 2015 के एग्जिट पोल से पता चला था कि हम हार जाएंगे और 2020 के एग्जिट पोल में दिखाया गया कि हमें कम नंबर मिलेंगे। इसी तरह, 2025 में भी दिखाया जा रहा है कि हमें कम सीटें मिलेंगी। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, मुझे लगता है कि एग्जिट पोल ने हमेशा दिखाया है कि आप को कम वोट मिलेंगे। बीजेपी हमेशा आम लोगों की आवाज को दबाती है ताकि वे डर के मारे बोल न सकें... आप का वोट शेयर हमेशा एग्जिट पोल में दिखाए गए वोट से ज्यादा आता है।

## दिल्ली हवाईअड्डे पर दो यात्रियों से 7.8 करोड़ मूल्य के 10 किलो सोने के सिक्के जब्त




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कस्टम विभाग ने नई दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो यात्रियों से 10 किलो ग्राम सोने के सिक्के पकड़े हैं जिनका मूल्य 7.8 करोड़ रुपए आंका गया है।

दिल्ली कस्टम ने बुधवार को बताया कि ठोस खुफिया जानकारी के आधार पर एक त्वरित अभियान में, सीमा शुल्क, आईजीआई हवाई अड्डे, नई दिल्ली की एयर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने बुधवार को उड़ान एआई-138 से मिलान से आ रहे कश्मीर के दो पुरुष यात्रियों (आयु 45,43 वर्ष) को रोका।

निगरानी और प्रोफाइलिंग के दौरान, संदिग्ध व्यवहार देखा गया, जिसके कारण ग्रीन चैनल पर दोनों व्यक्तियों को रोक लिया गया। उनके बैगेज स्कैन से कुछ भी असामान्य नहीं पता चला। लेकिन मेटल डिटेक्टर की चौखट (डीएफएमडी) की अलर्ट की ध्वनि पर शुरू की गई व्यक्तिगत तलाशी में उनके पास से 2 विशेष रूप से डिजाइन किए गए कमर बेल्ट एवं प्लास्टिक के लिफाफे में लपेटकर रखे गये सोने के सिक्के पाये गये।

कुल जब्त सिक्कों का भार 10.092 किलोग्राम है जिनका मूल्य लगभग मूल्य लगभग 7.8 करोड़ रुपए आंका गया है। कस्टम विभाग ने बताया है कि इन दोनों यात्रियों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत आगे की जांच के लिए हिरासत में ले लिया गया है।

## भाजपा और आरएसएस के लोग संविधान को खत्म करना चाहते हैं : राहुल

**पटना, एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर संविधान को खत्म करने की मंशा रखने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान को माथा टेक कर और आरएसएस के लोग आंबेडकर के प्रति सम्मान का दिखावा कर लोगों की आंखों में धूल झोंकने का काम कर रहे हैं।

स्वतंत्रता सेनानी एवं दलित नेता जगलाल चौधरी की जयंती के अवसर पर पटना में आयोजित एक समारोह में राहुल गांधी ने अपने संबोधन में कहा, आपने मुझे बुलाया, आप कह रहे थे कि दिल्ली का चुनाव है। हां, दिल्ली का चुनाव है। वह अपनी जगह पर है मगर यह भी समारोह बहुत जरूरी है, तो मैं वोट डालकर सीधा यहां आ गया। उन्होंने कहा, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आप (दलितों) लोगों के इतिहास का कोई उल्लेख नहीं है। क्या देश में दलित प्रोफेसर परीक्षा के प्रश्नपत्र तैयार कर रहे हैं।



लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, देश की 200 बड़ी कंपनियों के मालिकों में एक ओबीसी, आदिवासी और दलित नहीं है। पूरा का पूरा पैसा आपकी जेब से स्थानांतरित हो रहा है और फिर भी आप गरीब हो। राहुल ने कहा, मोदी जी ओबीसी की बात करते रहते हैं। देश का बजट 90 अधिकारी बनाते हैं और उनमें केवल तीन ही दलित हैं। आपकी आबादी 15-16 प्रतिशत है और 90 अधिकारियों में से केवल तीन अधिकारी आपके समुदाय से हैं और उन तीन अधिकारियों को छोटे-छोटे विभाग दे रखे हैं।

कांग्रेस नेता ने कहा, अब इसका उपाय क्या है। सबसे पहले यह पता लगाना है कि किसकी कितनी आबादी है और किसको कितनी भागीदारी मिल रही है। इसका पता लगाने का एक ही उपाय है जातीय जनगणना और यह बिहार वाला जातीय जनगणना जो है, मैं इसकी बात नहीं कर रहा हूं, जातीय जनगणना देखना है तो तेलंगाना वाला देख लीजिए।

उन्होंने कहा, जाति जनगणना केवल सर्वेक्षण नहीं है। जाति जनगणना हमें यह बता देगा की दलित, आदिवासी, पिछड़ा और अल्पसंख्यक वर्ग, सामान्य वर्ग तथा सामान्य वर्गों में गरीब कौन है। उसके बाद हम हिंदुस्तान की सारी संस्थाओं की सूची निकालेंगे, चाहे वह न्यायपालिका, नौकरशाही, मीडिया, उद्योग जगत हो, इनमें दलित, पिछड़ों और आदिवासियों की कितनी भागीदारी है इसका पता लग जाएगा।

राहुल ने कहा, मैं ऐसा दिन देखना चाहता हूं कि हिंदुस्तान की हर संस्था और तंत्र में नेतृत्व के स्तर पर दलित, आदिवासी और पिछड़े लोग दिखें। मैं वह दिन देखना चाहता हूं कि जब हिंदुस्तान की शीर्ष दस कंपनियों के मालिक दलित, पिछड़े और आदिवासी वर्ग से हों और मैं उसके लिए लड़ रहा हूं तथा आगे भी लड़ता रहूंगा।

उन्होंने कहा, उद्योग जगत की बात करें तो नरेन्द्र मोदी जी ने देश के 25 सबसे अमीर लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ कर दिया यह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों का धन है। देश में 100 रुपये में दलित, आदिवासी, पिछड़ा वर्ग सभी को मिलाकर हिस्सेदारी 6.10 रुपये है और इसे भी वो छीनने की कोशिश कर रहे हैं।

## जल्द पूरी होगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के प्रमाणन की प्रक्रिया

- वंदे भारत एक्सप्रेस स्लीपर देश में तेजी से बढ़ते रेलवे के बेड़े में एक आधुनिकतम पहल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का प्रथम वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट विभिन्न प्रकार के परीक्षणों के बाद पूरी तरह तैयार है और परिचालन से पहले अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) परीक्षण के परिणामों का विश्लेषण करने के बाद अंतिम प्रमाणपत्र जल्द ही जारी करेगा तथा रेलवे सुरक्षा आयुक्त ट्रेन की अधिकतम गति का मूल्यांकन करेंगे।

रेल मंत्रालय के अनुसार वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार होने के साथ भारतीय रेलवे लंबी दूरी की यात्रा में क्रांति के द्वार पर खड़ी है। वंदे भारत एक्सप्रेस स्लीपर देश में तेजी से बढ़ते रेलवे के बेड़े में एक आधुनिकतम पहल है। विश्वस्तरीय, सेमीहाई-स्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन चुका है क्योंकि पहली 16-डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट 15 जनवरी को मुंबई-अहमदाबाद खंड में 540 किलोमीटर की दूरी के लिए आरडीएसओ के कठिनतम परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर चुका है।

चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री ने पिछले साल 17 दिसंबर को भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया। एक पखवाड़े के भीतर ट्रेन को पश्चिम मध्य रेलवे के कोटा मंडल में लाया गया और पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए सफल परीक्षण किया गया जहां इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से बिना किसी कंपन के यात्रा का अनुभव हासिल किया।

यह ट्रेन सेट रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यात्रियों के लिए एक बिना झटके आरामदेह और शानदार यात्रा का अनुभव लाएगा। आराम, गति और अत्याधुनिक तकनीक पर ध्यान केन्द्रित करने के साथ, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आने वाले दिनों में लोगों को रात भर की यात्राओं की नयी परिभाषा देने के लिए तैयार हैं।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के इस प्रोटोटाइप के सफल परीक्षण के बाद अप्रैल से दिसम्बर 2025 के बीच नौ और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का उत्पादन निर्धारित है। ये ट्रेनें लंबी दूरी के यात्रियों के लिए दक्षता और सुविधा के मामले में नए मानक स्थापित करेंगी।

वंदे भारत स्लीपर ट्रेन को पहली बार उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेलवे ने 17 दिसम्बर 2024 को 24 डिब्बों की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के 50 रेक के लिए प्रोपल्शन इलेक्ट्रिक्स का एक बड़ा ऑर्डर दिया है। यह ऑर्डर दो प्रमुख भारतीय निमार्ताओं को दिया गया है, जो 2 साल की सीमा में तैयार होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार मेसर्स मेधा 33 रेकों के लिए प्रोपल्शन प्रणाली की आपूर्ति करेगी जबकि मेसर्स अलस्टॉम 17 रेकों के लिए प्रोपल्शन प्रणाली की आपूर्ति करेगा। भविष्य की जरूरतों के हिसाब से, 24 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पूरे पैमाने पर उत्पादन 2026-27 में शुरू होगा और ये गाड़ियां गति और सुखद अनुभव के साथ रेल यात्रा में एक नया अध्याय लिखेंगी।

सूत्रों के अनुसार इन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजों, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाईफाई और विमान जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। इस ट्रेन सेट में 16 डिब्बे हैं जिन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। एसी प्रथम श्रेणी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर श्रेणी।

इस ट्रेन सेट की कुल क्षमता 1128 यात्रियों की है। ट्रेन सेट में क्रैश बफर्स, विरूपण ट्यूब और अग्नि अवरोधक दीवार है। ट्रेन में स्वचालित दरवाजे, गद्देदार बर्थ और ऑनबोर्ड वाईफाई है।

भारत में यात्री पहले से ही मध्यम और छोटी दूरी पर देश भर में चलने वाली 136 वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से रिक्लाइनिंग सीटों और विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वंदे भारत स्लीपर के साथ, यात्री विश्वस्तरीय सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस एक शांत, सुगम, सुखद और अधिक आरामदायक यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं। मेक इन इंडिया पहल के तहत डिजाइन और निर्मित, यह ट्रेन भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और रेल यात्रा में बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## अमेरिका से अनधिकृत अप्रवासियों की वापसी नियमों के अनुसार: जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे भारतीय नागरिकों की वापसी निर्धारित प्रावधानों के अनुसार बताते हुए कहा कि सरकार नागिरकों को गैर कानूनी तरीके से विदेश भेजने वाले एजेंटों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करेगी।



श्री जयशंकर ने अमेरिका से भारत भेजे जा रहे भारतीय नागरिकों के मुद्दे पर सदन में एक वक्तत्व देने के बाद उस पर विपक्षी दलों के सवालों को स्पष्टीकरण दे रहे थे। उन्होंने बयान में कहा कि सरकार केवल वैध आवागमन के पक्ष में हैं और अवैध गतिविधियों को रोकने का प्रयास करती है। अमेरिका से जो भी वापसी हो रही हैं, उनकी जांच की गयी है और आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया में अंतराष्ट्रीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

विदेश मंत्री ने वर्ष 2009 से लेकर 2024 तक अनधिकृत तरीके से गये नागरिकों की वापसी के आंकडों का हवाला देते हुए कहा कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है और इसके लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित नियम और प्रक्रियायें अपनायी जाती हैं।

उन्होंने कहा कि विदेशों और अमेरिका से वापसी की प्रक्रिया लगातार रही है और प्रतिवर्ष होती है। सभी की वापसी निर्धारित मानक प्रक्रिया से होती है। इसके लिए नागरिक और सैन्य विमानों का प्रयोग होता है। सरकार ने सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा का ख्याल रखा जाएगा और कानूनी प्रक्रिया पालन होगा।

श्री जयशंकर ने वक्तव्य पर स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि अमेरिका से 104 लोगों की वापसी की जानकारी सरकार को थी।

सभी लोगों को दूतावास से मदद उपलब्ध करायी जाती है और जांच होती है और उनकी भारतीय नागरिकता प्रमाणित की जाती है। सरकार सभी मामलों में सहानुभूति का रवैया अपनाती है और आगे बढ़ती है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस संबंध में जानकारी दी गयी थी और सभी को दूतावास से मदद उपलब्ध दी गयी। उन्होंने कहा कि स्वदेश लौटायें जा रहे लोगों की संपत्ति के संबंध में सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है।

## रामगोपाल यादव का दावा, 15 हजार लोगों ने शिकायत की हैं कि उनके लोग नहीं मिल रहे

प्रयागराज। संसद में बवाल के बाद समाजवादी पार्टी सांसद रामगोपाल यादव ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि 15 हजार लोगों ने शिकायत दर्ज करावा दी हैं कि उनके लोग नहीं मिल रहे हैं। वहीं योगी सरकार कोई भी जानकारी देने से मना कर रही है। उन्होंने कहा कि 1954 के प्रयागराज कुंभ में भगदड़ के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने बताया कि कितने लोग घायल हुए हैं और कितने लोग मारे गए हैं। सपा सांसद यादव ने कहा कि योगी आदित्यनाथ का पूरा अमला केवल वीआईपी लोगों को सुविधाएं देने में लगा हुआ था। उन्हें आम आदमी की कोई फिक्र ही नहीं थी। सपा सांसद यादव ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री रोज ही पहुंचते हैं। अधिकारी व्यवस्था में व्यस्त है कि वीआईपी लेन साफ-सुथरी होना चाहिए। वहीं लोग चाहे डूब जाए या मर जाए। बता दें कि बजट सत्र के दौरान विपक्षी सांसदों ने लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा किया था। विपक्ष का कहना था कि सदन में महाकुंभ में मची भगदड़ पर चर्चा होनी चाहिए। सपा सांसद और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि मृतकों की सही संख्या ना बताना बहुत निंदनीय है।

## दिल्ली में मतदान से पहले, पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़

नई दिल्ली। 5 फरवरी को दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने हैं। उसके एक दिन पहले पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़ की खबरें आई है। घटना बाहरी दिल्ली के भलस्वा इलाके की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि यहां एक बिल्डिंग में कई बदमाश छिपे हैं। इन्हें पकड़ने पहुंची टीम पर फायरिंग होने पर पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल भी हुआ है और 3-4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जानकारी मिली थी कि भलस्वा इलाके की बिल्डिंग में कुछ बदमाश छिपे हैं। इसके बाद पुलिस टीम के साथ हथियारों से लैस होकर बदमाशों को पकड़ने गए थे। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बदमाशों को हथियार डालने को कहा, लेकिन उन्होंने पुलिस का कहा नहीं माना और फायरिंग करनी शुरू कर दी। बदमाशों की तरफ से फायरिंग होती देख पुलिस ने भी मोर्चा संभाला और जवाबी एक्शन किया। इस बीच बदमाशों की तरफ से हुई अचानक फायरिंग में एक गोली एसएचओ को छूते हुए भी निकली। थानेदार की गिरफ्त से बचने के लिए बदमाश ने एसएचओ के सिर में हथियार का बट मार दिया, जिससे वे घायल हो गए। पुलिस ने मुठभेड़ में बिल्डिंग से 3 से 4 बदमाशों को पकड़ा है। ये लोग किस गैंग से जुड़े हैं, इसके बारे में पुलिस पता लगा रही है। बदमाशों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किए गए हैं।

## महाकुंभ को लेकर अफवाह फैला रहे 8 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर दर्ज की

लखनऊ। प्रयागराज में महाकुंभ मेला पुलिस ने नेपाल की एक घटना को महाकुंभ का बताकर अफवाह फैलाने वाले सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। ब्रजेश कुमार प्रजापति नामक एक व्यक्ति ने अपने अकाउंट पर नेपाल में हुई घटना का वीडियो पोस्ट कर वीडियो को प्रयागराज महाकुंभ का बताकर अफवाह के रूप में फैलाया। पोस्ट में लिखा था, प्रयागराज महाकुंभ यानी मौत का महाकुंभ, और वीडियो में एक बड़ी भीड़ दिख रही थी जिसमें लोग मृतकों को कंधों पर ले जाते दिख रहे थे। वीडियो की जांच करने पर साफ हुआ कि घटना नेपाल में हुई थी, न कि महाकुंभ मेला में। इस वीडियो की सच्चाई का खुलासा महाकुंभ मेला पुलिस ने किया और झूठी जानकारी फैलाने के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने ब्रजेश कुमार प्रजापति सहित 7 एक्स अकाउंट्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। महाकुंभ मेला पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर कोई भी भ्रामक पोस्ट न करें और किसी भी घटना के बारे में पोस्ट करने से पहले उसके तथ्यों की जांच कर लें। पुलिस ने यह भी कहा है कि इस तरह की अफवाहों के जरिए प्रदेश की छवि को खराब किया जा रहा है और समाज में विद्वेष फैलाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने इन सोशल मीडिया अकाउंट्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आगे की जांच शुरू कर दी है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पूछा : अवैध बांग्लादेशियों को कब तक जेल में रखोगे

नई दिल्ली। बांग्लादेश से आए अवैध घुसपैठिओं को लिए गए हिरासत के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने इन्हें उनके देश भेजने के बजाय पूरे भारत के सुधार गृहों में लंबे समय तक हिरासत में रखने के संबंध में केंद्र सरकार से जवाब मांगा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने इस बात पर बल दिया कि जब किसी अवैध बांग्लादेशी प्रवासी को पकड़ा जाता है और विदेशी अधिनियम 1946 के अंतर्गत उसे दोषी ठहराया जाता है, तो उसकी सजा पूरी होने के तुरंत बाद उसे निर्वासित किया जाना चाहिए। पीठ ने पूछा कि विदेशी अधिनियम के अंतर्गत अपनी सजा पूरी करने के बाद फिलहाल कितने अवैध आप्रवासियों को विभिन्न सुधार गृहों में हिरासत में रखा गया है? शीर्ष अदालत ने लगभग 850 अवैध प्रवासियों की अनिश्चितकालीन हिरासत पर चिंता व्यक्त की। न्यायालय ने इस बात पर भी केंद्र से ठोस स्पष्टीकरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला कि ऐसे मामलों से निपटने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार से क्या कदम अपेक्षित हैं। बता दें कि माजा दारूवाला बनाम भारत संघ का मामला 2013 में कलकत्ता उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में भेजा गया था। यह मामला मूल रूप से 2011 में शुरू हुआ जब एक याचिकाकर्ता ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला, जिन्हें उनकी सजा पूरी होने के बाद भी पश्चिम बंगाल सुधार गृहों में कैद रखा गया था। शीर्ष अदालत में स्थानांतरित होने से पहले कलकत्ता एचसी ने इस मुद्दे पर स्वत- संज्ञान लिया था। पीठ ने कहा कि ये प्रथाएं मौजूदा दिशा-निर्देशों के विपरीत हैं, जो तेजी से निर्वासन प्रक्रियाओं की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

# उत्तर प्रदेश: भीम नगरी समारोह आयोजन समिति 2025 के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**कपिल कुमार दोआर**



**उत्तर प्रदेश:** आगरा में बौद्धसत्य भारत रत्न डा0 भीमराव अंबेडकर का 134वां जन्मोत्सव की 30वीं ऐतिहासिक भीम नगरी समारोह आयोजन समिति 2025 के कार्यालय का उद्घाटन मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार प्रो0 एस.पी. सिंह बघेल, मा0 विधायक डा0 जी.एस. धर्मेश व पुरुषोत्तम खण्डेलवाल एवं जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

उक्त अवसर पर मा0 केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल जी ने कहा कि भीम नगरी समारोह आयोजन क्षेत्र में आने वाले सेक्टर एवं कॉलोनियों में चयनित किए गए कार्यों का निर्माण करने पर कराया जाएगा, डा0 अंबेडकर जी ने कहा था कि ह्लशिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो,ह्ल लेकिन जब उन्होंने कहा था तब शिक्षा का दौर कुछ और था, उस समय हम काफी छोटे थे, तब अंग्रेजी छठवीं कक्षा से शुरू होती थी, तब अंग्रेजी का बोल पाना व लिख पाना आसान नहीं था, लेकिन आज शिक्षित होने के लिए बीएससी, एमएससी के साथ-साथ एक तकनीकी शिक्षा की जरूरत है, अगर हम तकनीकी शिक्षा पर जोर देंगे तो निश्चित ही वह गुणवत्तापूर्ण शिक्षा होगी और रोजगार युक्त भी होगी।

मा0 विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल ने कहा है कि मेरी विधानसभा में भीम नगरी समारोह का आयोजन हो रहा है यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। बाबा साहब की 134वें जन्मोत्सव दिवस पर अधिक से अधिक विकास कार्य करने में पूर्ण सहयोग करूंगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डा0 भीमराव अंबेडकर जी ने समाज के हर वर्ग के महिला एवं पुरुषों के लिए संविधान में व्यवस्था की गई है, ऐसे महामानव के जन्म पर हम सभी को हर तरह से सहयोग करना चाहिए।

जिलाधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि भीम नगरी केन्द्रीय समिति द्वारा जो कार्य प्रस्तावित किये हैं, उन्हें जल्दी ही पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी तथा नियमानुसार कार्यवाही भी की जायेगी। उन्होंने समिति के सभी सदस्यों को कार्यक्रम आयोजन की शुभकामनायें देते हुए कहा कि यदि कार्यक्रम के आयोजन में उनकी कोई आवश्यकता होती है तो वह अवश्य अवगत करायें।

कार्यक्रम के दौरान एडवोकेट श्री करतार सिंह भारतीय, मुख्य संरक्षक व श्री धर्मेंद्र सोनी जी अध्यक्ष केंद्रीय भीम नगरी एवं श्री श्याम जरारी, महामंत्री भीम नगरी आदि सभी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत रत्न डा0 भीमराव अंबेडकर जी ने किस प्रकार अपने जीवन में त्याग करते हुए आमजन को शिक्षित करने के साथ साथ सभी वर्गों को समान अधिकार दि *लाने का प्रयास किया है, जिसके उपलक्ष्य में उनके 134वें जन्म दिन को 30वीं ऐतिहासिक भीम नगरी, समारोह 2025 आवास विकास कॉलोनी सिकंदरा आगरा में आयोजित किया जा रहा है।

## हरियाणा: फल उत्कृष्टता केंद्र मांगेआना में 7वां फल एक्सपो 4 व 5 फरवरी को




**इंद्रजीत/हरियाणा:** उद्यान विभाग द्वारा फल उत्कृष्टता केंद्र, इंडो इजरायल परियोजना मांगेआना में 7वें फल एक्सपो-2025 का 4 और 5 फरवरी को आयोजन किया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में कई विशेषज्ञ, किसान और उद्यान विभाग के अधिकारी हिस्सा लेते हुए नई तकनीक, योजनाएं और अनुभव सांझा करेंगे।

उप निदेशक डा. सत्यवीर शर्मा ने बताया कि 4 फरवरी को एक्सपो का उद्घाटन होगा, जिसमें महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के उप-कुलपति डॉ. सुरेश कुमार मल्होत्रा मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। इसके अलावा उद्यान विभाग हरियाणा के महानिदेशक डॉ. रणबीर सिंह व विभागाध्यक्ष डॉ. अर्जुन सिंह सैनी बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। 5 फरवरी को हरियाणा बीज विकास निगम के चेयरमैन देव कुमार शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। दो दिवसीय कार्यक्रम में सुबह साढ़े नौ बजे से साढ़े 10 बजे तक किसान पंजीकरण करवा सकते हैं।

## हरियाणा: डबवाली पुलिस की वाहन चालकों से अपील, कोहरे के दौरान यातायात के सभी नियमों का हर हाल में करें पालन

**महिपाल सिंह**

**हरियाणा:** पुलिस प्रवक्ता से प्राप्त जानकारी अनुसार डबवाली पुलिस ने आगामी धुन्ध के मौसम में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहनों चालकों को जागरूक करते हुए एडवाइजरी जारी की है।




इस अवसर पर प्रभारी यातायात पुलिस डबवाली निरीक्षक प्रताप सिंह ने आज वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाकर वाहन चालकों से अपील की कि सभी अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। जिससे धुंध के मौसम में अपनी व दुसरों की सुरक्षा रखी जा सके। यातायात प्रभारी ने आम जनता व वाहन चालकों को संदेश देते हुए कहा है की तेज रफ्तार में गति सीमा को न तोड़े, प्रेशर होरन न बजाएं, धुंध में लो-बीम पर गाड़ी चलाएं, अपनी स्पीड को कम रखें, रोड के बीच में अपने वाहन को कभी ना रोके, वाहन को मोड़ते समय हमेशा इंडिकेटर का प्रयोग करें।

यातायात जो आप देख ना सके उसकी आवाज को सुनने का प्रयास करें, तेज आवाज में गाड़ी के अंदर संगीत न बजाएं, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाएं, वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप लगाएं, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करें, पार्किंग में गाड़ी खड़ी करते समय हैंड वर्क का प्रयोग करें, नशा कर वाहन न चलाएं, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें, वाहन चलाते समय अगर नींद आए तो वाहन न चलाएं तथा पुलिस का सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक द्वारा चालकों से अपील की कि अपने वाहनों के आगे और पीछे रिफ्लेक्टर जरूर लगाएं। डबवाली पुलिस आप की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है।

# महाराष्ट्र: गडचिरोली में सुरजागड से होकर अन्य राज्य में भेजा जाता है कच्चा माल

**महेश पांडुरंग शेंडे**



**महाराष्ट्र:** राज्य के जिला गडचिरोली में सुरजागड से होकर अन्य राज्य में कच्चा माल भेजा जाता है। राष्ट्रीय महामार्ग 353-उ होने के वजह से निजी वाहन के साथ यातायात में ट्रॉफीक समस्या के रहते सड़क दुर्घटना के प्रमाण भी बढ़ गये थे। इस विषय में कंपनी के अऋ्ट विनोद कुमार से बात होने पर रोड पेट्रोलिंग ऑफि सर राहुल सिंग, और रंजीत सिंग ने विषय की गंभीरता ध्यान में रखते हुवे चंदनखेड़ी गाव में पार्किंग व्यवस्था करके स्थानिय लोगों को रोजगार की व्यवस्था कर ट्रॉफीक की समस्या में सुधार किया।

कुछ ड्राइवर की गैरजिम्मेदारी की वजह से दुर्घटना की वजह नशा करके गाडी चलाना। यह आशंका स्थानिय लोगों द्वारा की जा रही है। कंपनी के पेट्रोलिंग ऑफि सर के रहते। सड़क सुरक्षा हेतू चेक करके गाडी प्रस्तान करने का आदेश दे। आष्टी पेट्रोल पंप से पुलिया तक गांव में स्कूल, अस्पताल और चौक के पास पोल इंडिकेटर लगाये ताकी रात के समय सड़क का अंदेशा हो, लेकिन स्थानीय दलाल और कुछ असामाजिक लोगों द्वारा लोगों के मजबूरी का फायदा उठाते। काम से निकालना।

इस डर की वजह से निर्धारित वेतन में पैसे खाकर गरीब जनता को लुटा जा रहा हैं। जनता में चर्चा का विषय हैं। समय रहते उमरी गांव के लोगों द्वारा 15 दिन पहले गांव के पीड़ित लोगों ने आष्टी गांव के कुछ दलाल को जूते से मारकर उनकी जगह दिखाई। इसी क्रम में पीड़ित लोगों में हक्क का हनन हो रहा हैं।

कंपनी के अधिकारी को गुमराह करके कोणसरी में स्थित कंपनी के कर्नल महापात्रा से मिलने नही दिया जा रहा।

आष्टी गांव में कर्नल महापात्रा के रहते। स्कूल, अस्पताल जगह ब्रेकर की व्यवस्था के साथ रोड सुरक्षा हेतू कोई उपाय योजना नही हैं। महाकाली मंदिर पुलिया के पास साल भर से 300 मिटर खराब रस्ते में कोई सुधार नही हुवा। कुछ दिन में महा शिवरात्री में लिये भाविक लोगों की यातायाता में संख्या बढ़ेगी इस पर उपाययोजना करे। लोगों के समस्या के साथ लोगों का समाधान हो इस विषय में ठं३ङ्ग्ल्ल' ल्ठ४ेंल्ल फ्रँ३२ उङ्के२२ङ्ग्ल्ल के सद्यसं "महेश पांडूरंग शेंडे "द्वारा ढफ्ढ सारंग पुणेकर से विनती करके साल होने के बावजूद कर्नल महापात्रा से मिलने नही दिया जा रहा। इस वजह से लोगों में नाराजगि के साथ गलतफैनी होकर विकास काम में बाधा उत्पन्न हो रही है। कंपनी के टऊ बि. प्रभाकरण सर प्रशासन स्तर पर जिलाधिकारी और पुलिस अधिक्षक इस विषय में समीक्षा कर- के मार्ग दर्शन करे।

## उत्तर प्रदेश: बालिका दिवस पर पिंक चौकी किदवई नगर में किया गया आयोजन

**घनश्याम दास**



उत्तर प्रदेश: जनपद कानपुर के किदवई नगर की पिंक चौकी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का आयोजन बहुत हर्षोल्लास व महत्वपूर्ण रूप से किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर मजदूरों व राहगीरों को निष्ठा व विस्तार पूर्वक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के विषय में बताया गया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस के मौके पर यह उत्तम कार्यक्रम शकुंतला देवी संस्थान के सौजन्य से आयोजित किया गया। किदवई नगर जनपद कानपुर पिंक चौकी प्रभारी आदरणीया प्रियंका चतुर्वेदी ने भी लोगों को संबोधित किया।

## बिहार: मुजफ्फरपुर फिलिपकार्ड कार्यालय में हुए लूट कांड में पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**दीपक कुमार**



**बिहार:** बिहार के मुजफ्फरपुर सदर थाना इलाके मे बीते दिन रात्रि मे हुए फिलिपकार्ड कार्यालय मे लूट एवं हत्या कांड का पुलिस से खुलासा कर लिया है, पुलिस को इस कांड मे कई बड़े बरे सुराग हाथ लगा है, जो चौकाने वाला है, अपराधी काफी दिनों तक लूट के लिए रेकी किये थे, अपराधी कई और लूट कांड की योजनाओं को तैयार किये थे, कई इलाकों मे उनकी रेकी जारी था, अपराधी का मौका ऐंन बरदात खराब बाइक कुदरत की करिश्मा पुलिस के लिए साबित हुआ और अपराधी का कई सुराग घटना स्थल पर रह गया,अपराधी काफी सतर्कता से रेकी किये थे, उनकी अपराध के दिन संख्या बारह की थी मगर ओ अपराध कर के वहा से भागने के क्रम मे एक अपराधी की बाइक घटना स्थल से कुछ हीं दुरी पर खराब हो गया,जो पुलिस को हाथ लगा, वह बाइक चोरी का साबित हुए, मगर कई अन्य सुराग से पुलिस सफलता से अपराधी तक पहुंच गई।

अपराधी लूट के वाद दो अपराधी कोलकता हाबरा भाग गए थे जहाँ से एसएसपी द्वारा गठित टीम अपराधी को पकड़ ली है उसके पास से लूट के रुपय, समेत कई समाग्री बरामद हुए है। वैशाली के लालगंज का राजा महतो उर्फ राजा बाबू को पुलिस ने हाबड़ा से पकड़ा है, वह लूट के वाद पुलिस से बचने के लिए भाग गया था। उसके पास से हथियार भी पुलिस को मिला है। पुलिस इस कांड मे एक और को पहले हीं पकड़ चुकी है, जिसके पास से लूट में प्रयोग हुआ कपड़े समेत कई आधार कार्ड और कई समाग्री पुलिस बरामद कीय हुए है। इस घटना मे आगे अन्य अपराधी के संबध मे कई सुराग हाथ लगा है।

पुलिस को कई चौकाने वाले जानकारी मिले है, इन अपराध करने वाले गिरोह के निशाने पर कई और इलाका था, जहाँ यह रेकी करते थे, पुलिस की सक्रियता से उन इलाकों मे लूट की योजना विफल साबित हुआ। लूट कांड के दौरान एक अपराधी ने एक कुरियर कम्पनी कर्मी को गोली मार कर हत्या कर दिया था।

## महाराष्ट्र: गडचिरोली के 9 खिलाड़ियों ने मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में दर्ज कराई जीत

**महाराष्ट्र,महेश पांडुरंग शेंडे**





महाराष्ट्र: राज्य के गडचिरोली जिले के आष्टी गांव के 9 खिलाड़ियों ने 19 जनवरी 2025 को नागपूर स्थित राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज क्रीडा संकुल में आयोजित नागपूर विभागीय शालेय बुडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में आष्टी गांव के तीन खिलाड़ीयों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की।

आदेश जयंत पातर ने 54 ˝ वजन श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कांचन छत्रपती बावणे ने 50 ˝ वजन श्रेणी में और परिधी वासूदेव तिवाडे ने 58 ˝ वजन श्रेणी में विजय प्राप्त की। इन तीनों विजेताओं का चयन आगामी फरवरी महीने में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय बुडो मार्शल आर्ट प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

आष्टी गांव के इन विजेता खिलाड़ीयों की सफलता का श्रेय गडचिरोली जिले के क्रीडा अधिकारी भास्कर घटाळे, क्रीडा अधिकारी वराळकर, चामोर्शी तालुका क्रीडा संयोजक राकेश खेवले, गडचिरोली जिल्हा बुडो मार्शल आर्ट संघ के अध्यक्ष कपिल मसराम, मानवाधिकार सदस्य महेश पांडूरंग शेंडे और उनके माता-पिता को दिया गया है।

# कई देशों में जितना बड़ा रेल नेटवर्क है उतना तो मप्र और छत्तीसगढ़ में है

**भोपाल/रायपुर (एजेंसी)**। दुनिया में कई देश ऐसे हैं जहां का रेलवे नेटवर्क मप्र और छत्तीसगढ़ के बराबर है। दोनो में रेलवे दस साल में रेल नेटवर्क में इतना इजाफा कर लिया जितना कई देशों का कुल रेल नेटवर्क है। बजट में भी केंद्र सरकार ने दोनों राज्यों में रेलवे के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने और यात्री सुविधाओं के लिए अपने खजाने का मुंह खोल दिया है। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मध्य प्रदेश में रेलवे 14 हजार 745 करोड़ रुपए वित्तीय वर्ष 2025-26 में खर्च करेगा। यूपीए की सरकार के मुकाबले यह 23 गुना बजट है। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में रेलवे का विद्युतिकरण का काम पूरा हो चुका है। रेल मंत्री ने बताया कि दस साल में मध्य प्रदेश में 2 हज़ार 456 किलोमीटर नई रेल लाइन बिछाई गई है। यह डेनमार्क के कुल रेल नेटवर्क के बराबर है।



रेल मंत्री ने बताया कि राज्य के 80 स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में 2 हज़ार 708 करोड़ रुपए की लागत से तैयार किया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 3 हजार 572 किलोमीटर का रेल कवच भी तैयार किया जा रहा है। पिछले दस साल में मध्य प्रदेश में रेलवे ने 1 हजार 109 फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज भी बनाए हैं। उन्होंने बताया कि रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दस साल में 69 लिफ्ट, स्वचालित सीढ़ियां और 408 स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। मध्य प्रदेश के 14 जिलों में 4 वन्देभारत गाड़ियां 18 स्टेशन पर रुकती हैं। रेल मंत्री ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन 100 करोड़ रुपए, ग्वालियर स्टेशन 535 करोड़, खजुराहो स्टेशन 218 करोड़, सतना 272 करोड़, इंदौर 480 करोड़, बिना 98 करोड़, जबलपुर स्टेशन का कायाकल्प 247 करोड़ रुपए में किया जाएगा।रेल सुरक्षा के कवच 1 हजार 105 किलोमीटर तैयार किया जा रहा है। साथ ही 32 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दस साल में 148 फ्लाईओवर और अंडर ब्रिज भी बनाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 20 लिफ्ट, 8 स्वचालित सीढ़ियां और 119 स्टेशन पर वाईफाई की सुविधा भी मुहैया कराई जा रही है। राज्य में दो वन्देभारत गाड़ियां 5 जिलों में होती हुई 6 स्टेशन पर रुककर गंतव्य की बढ़ती है। केंद्रीय रेल मंत्री ने बताया कि रायपुर रेलवे स्टेशन 463 करोड़ रुपए, दुर्ग 456 करोड़ और बिलासपुर स्टेशन को 435 करोड़ रुपए में दोबारा बनाया जा रहा है।

# पुलिस अधिकारियों के तबादले और प्रमोशन के पीछे का मकसद कानून का राज स्थापित करना

**दीपक कुमार**

**बिहार:** बिहार मे कानून का राज स्थापित किये जाने मे राज्य और केंद्र सरकार गंभीर है,हाल के दिनों मे बिहार मे बड़े पैमाने पर अधिकारियो का तबादला और प्रमोशन सरकार द्वारा किये गए है,अधिकारियों के बड़े पैमाने पर बदलाव के और प्रमोशन के पीछे केवल पुलिस की बेहतरीन सेवा जनता मे प्रदान करना हैं,राज्य सरकार हर हाल मे अपराध, माफिया गिरी, दलाली, तस्करी, नशा का करोबार को जड़ से समाप्त करना चाहती है, 2005 मे बिहार मे भाजपा से तालमेल करके श्री नीतीश कुमार केवल धरासाई हुए कानून व्यवस्था को दुरुस्त करने के संकल्प से सत्ता मे आये थे, तब से लगातार उनकी सरकार बीस शाल से बिहार मे है,पुलिस व्यवस्था को सुधारने और जनता की पीड़ा को उनकी फरियाद को सुन कर उचित दिशा मे करवाई के लिए सरकार ने कई बदलाव किये है,हाल मे कुशल योग्य आईपीएस अधिकारी श्री विनय कुमार के डी जी पी बनाये जाने के वाद से बिहार मे अपराधी,तस्कर, दलाल, भ्ष्टार्चार मे लिप्त रहने वालो समेत नशा के कारोबार करने वालो पर काफी बड़े बड़े करवाई जारी है, यहां तक की सारण समेत कई जिलों मे गर्वरी करने वाले पुलिस पदाधिकारी पर भी बड़ी करवाई किये गए है,इन बदलाव से यह प्रतीत होने लगा है की बदलाव राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति को सुधारने और पीड़ितों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से किया गया है। बिहार सरकार ने कई वर्षों से इस दिशा में निरंतर प्रयास किए हैं,



लेकिन हाल की घटनाओं और रिपोर्टों से यह स्पष्ट होता है कि कुछ पुलिस अधिकारियों की कार्यशैली और भ्रष्टाचार ने इस प्रयासों को प्रभावित किया था जिसे राज्य एवं केंद्र सरकार गहन मंथन करके व्यवस्था सुधारे जाने मे बड़ा और कड़ा निर्णय लिए है, सरकार के मुख्य सचिव श्री अमृत लाल मीणा कानून व्यवस्था को दुरुस्त किये जाने मे कई आवश्यक निर्देश जारी कर चुके है,उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी किसी भी अवस्था मे कानून व्यवस्था से खिलवाड़ कतई बर्दास्त नहीं किये जाने के पक्छ मे है, उन्होंने साफ साफ चेताया है की बिहार की जनता की सुरक्षा उनके सेवा हीं सरकार का प्रथम उदेश्य है।

**बदलाव का मुख्य कारण:** कुछ पुलिस अधिकारियों का भ्रष्टाचार और मनमानी : बिहार में कुछ पुलिस अधिकारियों और थानाध्यक्षों पर आरोप लग रहा था कि वे अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं और थानों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। पीड़ित कि सुनवाई नहीं हो रहे थे,पुलिस अधिकारियों की आपसी साठ-गांठ के कारण पीड़ितों को न्याय मिलने में कठिनाई हो रहे थे, फरियाद के लिए काफी फरियादि अधिकारी के यहां चक्कर काट रहे थे,काफी संख्या मे अधिकारी और पदाधिकारी आवश्यकता अनुसार फोन नहीं उठाते थे, इलाकों मे अपराध, तस्करी, पुलिस कि मनमानी बढ़ गए थे,अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रहे थे,कुछ पुलिस अधिकारी तो खुद को "थाने का मालिक" समझने लगे थे,जिससे न्याय की प्रक्रिया प्रभावित हो रहा था.

न्याय प्रणाली में सुधार की आवश्यकता था : सरकार का उद्देश्य है कि थानों पर पीड़ितों को सही न्याय मिले, जब पुलिस अधिकारी और थानाध्यक्ष खुद ही न्याय के रास्ते में अड़चन डालते रहेंगे और पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी दिशा निर्देश का अनसुना करेंगे तो सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है । कई इलाकों मे आरोप था कि पीड़ितों से वसूली जारी था, फरियाद करने वालो पर झूठे आरोप लगाने कि घटना बढ़ रहा था, आरोपियों के साथ साठ-गांठ करके उन्हें फायदा पहुंचाना जैसी घटनाओं से पुलिस की छवि खराब हो रहे थे !

पुलिस की कार्यप्रणाली में सुधार: मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्र सरकार ने हमेशा यह कहा है कि पुलिस को पीड़ितों के प्रति संवेदनशील होना चाहिए और उनके लिए एक अच्छे कार्य व्यवहार व्यवस्था की आवश्यकता है। हालांकि, कुछ पुलिस अधिकारियों ने अपनी शक्ति का दुरुपयोग किया, जिससे पूरी पुलिस व्यवस्था की छवि धूमिल हो रही थी, उच्च अधिकारी को किरकिरी हो रहे थे, जबकि सरकार कानून व्यवस्था को धरातल पर बेहतरीन किये जाने कि दिशा मे लगातार हर सम्भव प्रबंध करने मे लगी है,इसी कारण सरकार ने पुलिस प्रमुखों,डी आई जी,एसएसपी, और निचले स्तर पर बदलाव किया है, ताकि पुलिस का कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और प्रभावी हो ।

**जमीनी विवाद भू माफिया अपराधी, नशा तस्कर और दलाल माफिया पर कार्रवाई :** कुछ पुलिस अधिकारी और थानाध्यक्ष माफिया, दलालों, और शराब तस्करों से सांठ-गांठ करके उनका साथ दे रहे थे, जिससे इन अपराधों पर अंकुश लगाने की कोशिशों में रुकावट आ रही थी ! इलाकों मे रूटीन गस्ती तक प्रभावित था,सरकार ने इस समस्या का समाधान करने के लिए सख्त कदम उठाए हैं और नए अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपा है,जो इन गतिविधियों को रोकने के लिए कड़ी कार्रवाई कर सकते हैं ! इन अधिकारी को जिम्मेदारी संभालते हीं लगातार थानो के कार्य प्रणाली कि जांच किये जा रहे है, गस्ती कि व्यवस्था का उच्च स्तरीय जांच जारी है, काफी संख्या मे अपराधी, सूटर, माफिया के कुंडली खंगालना शुरू हुआ है, काफी कुर्की हुए है, काफी अपराधी कि गिरफ्तारी हुए है.

## उत्तर प्रदेश: नगर पालिका महोबा एवं कुलपहाड़ नगर पंचायत में नाला निर्माण में भ्रष्टाचार व्याप्त



**रानू**

**उत्तर प्रदेश:** महोबा जिले के कुलपहाड़ तहसील की नगर पंचायत के द्वारा नालों का निर्माण शहर के चारों ओर करवाया जा रहा है, जिसमें ठेकेदार द्वारा बालू की जगह नाला निर्माण करते समय पत्थर राखी का प्रयोग अधिक किया जा रहा है। जिससे कि सरकार को लाखों रुपए का चुना हर वर्ष नाला बनाने के लिए लगता रहे, वहीं गुणवत्ताहीन नाला निर्माण होने के बावजूद भी नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी एवं उप जिलाधिकारी मुकदर्शक बनकर देख रहे हैं।

गौरतलब हो कि राहुल सिंह ने नगर कुलपहाड़ में पत्थर राखी से नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार एवं नगर पालिका के द्वारा बनवाए जा रहे राखी पत्थर से नाला को लेकर तहसील दिवस में एक शिकायती पत्र दिया था, जिसमें राहुल सिंह ने मानक के अनुसार मटेरियल नहीं लगाने की शिकायत उप जिलाधिकारी से की थी कि नाला निर्माण में मौरंग का एक भी प्रतिशत प्रयोग नहीं किया जा रहा है डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है। घटिया निर्माण कराया जा रहा है ठेकेदारों के द्वारा, पर आज तक कोई भी कार्यवाही जिला प्रशासन के द्वारा नहीं की गई, आखिर क्यों ?

वही हम आपको बता दें कि लगातार नगर कुलपहाड़ में पत्थर राखी से नाला निर्माण कर रहे ठेकेदार एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी एवं अध्यक्ष की खाओ कमाओ नीतिओ की खबरें समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही हैं, पर आज तक कार्यवाही के नाम पर जिला प्रशासन आखिर मोन क्यों है।

अब देखने वाली बात यह होगी कि आने वाले समय पर जिला प्रशासन का हंटर नगर पंचायत द्वारा हो रहे नाला निर्माण के भ्रष्टाचार पर चलता है या नहीं।

## उत्तर प्रदेश: न्याय ना मिलने से दुखी कथित रेप पीड़िता ने किया आत्महत्या का प्रयास

**संजय/उत्तर प्रदेश:** जालौन न्याय ना मिलने से दुखी कथित रेप पीड़िता महिला ने तहसील भवन की ऊपरी छत पर चढ़कर हंगामा काटते हुए आत्महत्या का प्रयास किया।

प्राप्त विवरण के अनुसार कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम पतराही निवासी एक महिला अपने पति से मनमुटाव हो जाने के कारण निर्वाचित जीवन यापन कर माधौगढ़ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं व वादकारियों को पानी पिलाकर प्राप्त रुपयों से अपना व अपने छोटे से पुत्र का भरण पोषण कर रही है।

अपने पति से अलग रहने के कारण वर्तमान में वह जालौन देवी मंदिर पर अस्थाई रूप से रहती है वहीं से प्रतिदिन माधौगढ़ तहसील आती जाती है। महिला द्वारा क्षेत्राधिकारी को संबोधित प्रार्थना पत्र के अनुसार दिनांक 24 जनवरी की शाम समय लगभग 6:00 जब वह माधौगढ़ से जालौन देवी मंदिर पर जा रही थी उसी समय ग्राम



हुसेपुरा के पास सड़क पर जालौन देवी मंदिर गेट के पास पप्पू यादव व अन्य चार लोगों ने उसे पकड़ लिया एवं समीप बने विद्यालय में घसीट ले गए जहां बारी-बारी से पांचो लोगों ने उसके साथ बलात्कार किया, हालांकि महिला द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र में घटनास्थल कुठौंद थाना क्षेत्र के कंझारी बहादुरपुर चौकी अंतर्गत आता है लेकिन महिला द्वारा प्रार्थना पत्र में रामपुरा थानाध्यक्ष को शिकायती पत्र दिए जाने की बात कही गई है।

इस घटना के 10 दिन बीत जाने के बावजूद कथित दुष्कर्मियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने से आहत महिला ने आज सोमवार को माधौगढ़ तहसील भवन की ऊपरी छत पर चढ़ जमकर हंगामा काटते हुए आत्महत्या का प्रयास किया। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी पप्पू यादव , प्रभारी तहसीलदार माधौगढ़ भुवनेंद्र कुमार ने महिला को न्याय दिलाने का आश्वासन देकर बड़ी मुश्किल से नीचे उतरवाया। एक वर्ष पूर्व तहसील परिसर में ही रहती थी।

महिला आज से लगभग 2 वर्ष पूर्व अपने पति से झगड़ कर उपेक्षित हो महिला अपने परिवार के भरण पोषण की गुहार लेकर तत्कालीन उपजिलाधिकारी अंगद सिंह यादव के पास आई तो उन्होंने उसे तहसील के पास खाली पड़े कमरे में रहने की इजाजत दे दी उसी समय से यह महिला अधिवक्ताओं व लोगों को पानी पिलाते का काम कर रही है। गत एक वर्ष पूर्व स्थानांतरित होकर आए उप जिलाधिकारी शिवनारायण शर्मा ने तहसील परिसर में उसे ना रहने को कहा तब से वह प्रतिदिन जालौन देवी मंदिर से माधौगढ़ आती जाती है। रामपुरा थानाध्यक्ष को नहीं घटना की जानकारी उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष रामपुरा संजीव कुमार कटियार से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में मुझे कोई जानकारी नहीं है ना इस तरह का कोई प्रार्थना पत्र मेरे पास आया है क्योंकि बताया जा रहा घटनास्थल कुठौंद थाना क्षेत्र का है।

## हरियाणा: सीआईए डबवाली स्टाफ ने पी.ओ. को किया काबू



**महिपाल सिंह**

**हरियाणा:** पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धान्त जैन के निदेर्शानुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली सन्दीप धनखड़ के कुशल नेतृत्व मे विभिन्न मामलों में वांछित भगौड़ों/बेल जम्परों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए सीआईए डबवाली स्टाफ ने एक पी.ओ. को काबू करने में सफलता हासिल की है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रभारी सीआईए स्टाफ डबवाली उप.नि. राजपाल ने बताया कि, सूचना के आधार पर एक पी.ओ. को काबू किया गया है। आरोपी पुलिस पी.ओ.की पहचान राजपाल पुत्र कृष्ण कुमार निवासी गांव निरबाण थाना नाथुसरी चौपटा जिला सिरसा के रूप में हुई है। आरोपी अदालत से एनआईटी एक्ट में पी.ओ. घोषित था। आरोपी को अदालत में पेश किया गय।

## उत्तर प्रदेश: प्रयागराज रेलवे ने बसंत पंचमी पर्व पर 300 से अधिक ट्रेनों का किया सफल संचालन

**इंद्रेश कुमार पांडे**

**उत्तर प्रदेश:** महाकुम्भ प्रयागराज में बंसत पंचमी का दिव्य, भव्य अमृत स्नान संपन्न हो गया। जिसमें देश के कोने-कोने से आये करोंड़ों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। मेला प्राधिकरण के अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोंड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम स्नान किया। श्रद्धालु पिछले कई दिनों से अमृत स्नान में सम्मिलित होने के लिए लाखों की संख्या में प्रयागराज पहुंच रहे थे। प्रयागराज रेल मण्डल ने तीर्थ यात्रियों के सुगम आवागमन के लिए बसंत पंचमी पर्व के दिन 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। इसके साथ ही लगभग 200 नियमित ट्रेनें भी शहर के सभी स्टेशनों से चलाई गईं। जिससे लाखों की संख्या में तीर्थयात्रियों को



सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया गया।

**गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक किया गया स्पेशल ट्रेनों का संचालन**

महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। इस वर्ष महाकुम्भ में बसंत पंचमी पर्व पर 2.5 करोड़ श्रद्धालुओं ने पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। जिनके सुगम और सुरक्षित आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने लगभग 200 नियमित और 106 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया। मेला स्पेशल ट्रेनें शहर के सभी स्टेशनों से दिशावार गंतव्य स्टेशनों के मुताबिक चलाई गई। लखनऊ, रायबरेली के लिये प्रयाग, फाफामऊ स्टेशन से तो वारणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशन से स्पेशल ट्रेने चलाई गई। दिल्ली, आगरा और कानपुर की ओर प्रयागराज जंक्शन और सूबेदारगंज से, जबकि सतना, मैहर, मानिकपुर दिशा के लिए नैनी और छिवकी स्टेशन से ट्रेनों का संचालन किया गया। अनुमान के मुताबिक बसंत पंचमी पर्व पर लगभग 10 लाख यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचा गया।

**प्रयागराज जंक्शन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं**

प्रयागराज रेलेव के वरिष्ठ जन संपर्क अधिकारी अमित मालवीय ने बताया कि बसंत पंचमी पर्व के लिए प्रयागराज जक्शंन से सबसे अधिक 55 मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। जबकि छिवकी से 11, नैनी जंक्शन से 2 और सूबेदारगंज से 8 स्पेशल ट्रेनें चलाई गईं। वहीं उत्तर रेलवे के प्रयाग और फाफामऊ स्टेशनों से लगभग 15 स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। वाराणसी की ओर जाने के लिए रामबाग और झूंसी स्टेशनों से क्रमशः 6 और 9 ट्रेनों का संचालन किया गया। उन्होंने बताया कि क्राउड मैनेजमेंट के लिए पूर्वनियोजित तरीके से यात्रियों को दिशावार कलर कोडेड आश्रय स्थलों के जरिये प्लेटफार्म पर पहुंचाया गया। रेलवे के कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों की मदद से निगरानी और निर्देश जारी कर सफल क्राउड़ मैनेजमेंट किया गया।

## एक नजर

### हरियाणा: सीआईए कालांवाली ने हेरोईन मामले में असल सप्लायर को किया काबू



**महिपाल सिंह/हरियाणा:** पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धांत जैन के निदेर्शानुसार तथा उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली सन्दीप धनखड़ के कुशल नेतृत्व में अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान सीआईए कालांवाली टीम ने एनडीपीएस एक्ट के मामले में असल सप्लायर सत्तू भुल्लर पुत्र गुरतेज सिंह निवासी गदराना को काबू करने में कामयाबी हासिल की है।

इस संबंध में प्रभारी सीआईए कालांवाली निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने बताया कि कल उनकी टीम ने गांव गदराना से 06 ग्राम 08 मी.ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित आरोपी गोरा सिंह पुत्र बिकर सिंह निवासी गदराना को काबू किया था, जो आरोपी गोरा सिंह को पकड़े गये आरोपी सतू भूल्लर पुत्र गुरतेज सिंह उक्त द्वारा ही उपलब्ध करवाया गया था। आरोपी को अदालत में पेश किया जाएगा।

### हरियाणा: सीआईए कालांवाली ने 6.08 ग्राम हेरोईन चिट्टा सहित एक को किया काबू



**इंद्रजीत/हरियाणा:** पुलिस अधीक्षक डबवाली सिद्धान्त जैन के निदेर्शानुसार व सन्दीप धनखड़ उप पुलिस अधीक्षक कालांवाली के कुशल नेतृत्व में डबवाली क्षेत्र मे नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के अन्तर्गत सख्त कार्यवाही करते हुए सीआईए कालांवाली टीम ने गांव गदराना से 06 ग्राम 08 मी.ग्राम हेरोइन चिट्टा सहित आरोपी गोरा सिंह पुत्र बिकर सिंह निवासी गदराना को काबू करने में कामयाबी हासिल की है। इस मामले के बारे में प्रभारी सीआईए कालांवाली इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह ने बताया कि सब इंस्पेक्टर मेहन्द्र सिंह अपनी पुलिस पार्टी के साथ गस्त पङताल अपराध कालुआना माईनर नजदीक गाँव गदराना माईनर पुलिया पर मौजूद थे, कि गाव गदराना की तरफ से एक नौजवान लडका गाव गदराना की तरफ से सडक पर पैदल-पैदल आता दिखाई दिया। सब इंस्पैक्टर मेहन्द्र कुमार ने साथी कर्मचारियों की सहायता से उस लड़के को शक की बिनाह पर काबू करके उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से हेरोइन चिट्टा बरामद होने पर थाना कालांवाली में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कार्यवाही की गई। पकड़े गये आरोपी गोरा सिंह को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा और इस हेरोइन चिट्टा नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया जाएगा।

### हरियाणा: मंत्री विज की नाराजगी पर सिरसा DC ने की कारवाई



**रितेश/हरियाणा:** कैबिनेट मंत्री के नाराज होने के बाद अब सरकार ने उनकी शिकायत पर सुनवाई तेज कर दी है। एसा ही हाल सिरसा में सामने आये है। दो माह पहले यहाँ हुई शिकायत निवारण समिति की बैठक में भाजपा नेता एवं हरियाणा बीज विकास निगम (ल्रउ्ळ) के चेयरमैन देव कुमार ने विज से शिकायत की थी की डबवाली में धान की खरीद हो रही है।

किसान अपना धान मंडी में लेकर आ रहे है। मेनेजर मुकेश कुमार धान खरीद को लेकर अपनी मनमानी कर रहे है। मेनेजर आढ़तियों से 130 रुपये मांगता है। जबकि आढ़तीयों का कहना है की उसे 48 रुपये प्रति क्विंटल कमीशन मिलता है। इस पर विज नाराज हो गए और उन्होंने प्रबंधक निदेशक के खिलाफ कारवाई के आदेश दे दिए, लेकिन दो माह तक मामला शांत रहा। जब विज दोबारा शिकायत निवारण समिति की बैठक में शामिल होने वाले थे, तब भी मामला शांत रहा, लेकिन जैसे ही विज सरकार के प्रति अपना रुख कड़ा किया, डीसी शांतनु शर्मा में उनकी शिकायत पर कारवाई शुरू कर दी।

### मध्य प्रदेश: उज्जैन जिले में भाजपा विधायक के भाई ने की अपने ही बेटे की हत्या

**मध्य प्रदेश:** उज्जैन जिले की घटिया तहसील के भाजपा विधायक सतीश मालवीय के बड़े भाई मंगल मालवीय ने अपने बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि दोनों पिता पुत्र में पैसे के लेनदेन ओर दुकान के बंटवारे को लेकर विवाद हुआ था। थोड़ी बहुत कहासुनी से शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि,आरोपी पिता ने अपने सगे बेटे को लायसेंसी बारा बोर बंदूक से दो गोली मार दी, जिससे पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई।बता दें कि आरोपी के पिता भी पूर्व में विधायक रह चुके हैं और वर्तमान में भाई भी विधायक हैं। मृतक अरविंद शादी शुदा था, और उसका एक बेटा भी है। घटना की खबर फैलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ओर आरोपी मंगल मालवीय को हिरासत में लेकर मामले की पूछताछ शुरू कर दी है,आखिर एक पिता को अचानक ऐसा कदम क्यों उठाना पड़ा इस प्रश्न का उत्तर आगे जांच में पता लग पाएगा।

## सम्पादकीय

# राहुल गांधी का ऐतिहासिक भाषण

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार 3 फरवरी को सदन में एक ऐतिहासिक भाषण दिया, जिसमें आधुनिक विश्व में भारत को आगे ले जाने का पूरा खाका उन्होंने खींच दिया। लगभग पौन घंटे के भाषण में राहुल गांधी ने एक साथ कई पहलुओं को छुआ। विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने की आवश्यकता, चीनी वस्तुओं पर निर्भरता कम करना, इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी भविष्य की तकनीकों को अपनाना, मेक इन इंडिया कार्यक्रम की कमियों को दूर करना और इसके साथ लोकतंत्र और संविधान को मजबूत करने के उपाय, सब कुछ राहुल गांधी के भाषण में समाहित था।

संसद के पिछले कई सत्रों में राहुल गांधी को आक्रामकता के साथ भाषण देते देखा गया है, खास कर नेता प्रतिपक्ष बनने या उससे पहले पिछली सरकार में जब उनकी संसद सदस्यता फिर से बहाल हुई थी, तब अडानी, हिंदुत्व, संविधान और लोकतंत्र पर हो रहे हमले, जातिगत जनगणना ऐसे कई मुद्दों पर राहुल गांधी तीखे तेवर के साथ भाषण देते थे। उनके भाषण अक्सर हिंदी में होते थे, जिसमें सत्तापक्ष काफी टोका-टाकी और व्यवधान डालने की कोशिश करता था। लेकिन इस बजट सत्र में राहुल गांधी का एकदम अलग अंदाज नजर आया। उन्होंने न अपनी आवाज ऊंची की, न वे कहीं विचलित होते हुए दिखे। राहुल गांधी ने भाषण की शुरूआत में ही अपना चुटीला अंदाज भी दिखाया, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने जब उनका नाम लिया, लेकिन कैमरे में नेता प्रतिपक्ष नजर नहीं आए, तो उन्होंने थोड़ा रुककर इंतजार किया कि कैमरा उनकी तरफ घूमे और जब कैमरा उनकी तरफ आया तो उन्होंने ओम बिड़ला और कैमरा को मुस्कुराते हुए डबल थैंक्यू कहा, इस तरह राहुल गांधी ने दिखा दिया कि अब उन्हें उपेक्षित करने की मोदी सरकार की कोशिश कामयाब नहीं होगी। अपने पूरे संबोधन में राहुल गांधी ने अपनी बात कहने के लिए एक स्पष्ट रणनीति, एक सधी हुई भाषा-शैली और एक परिपक्व सोच का परिचय दिया।

सरकार पर हमला या हल्ला बोलने की जगह इस बार उन्होंने सरकार की कमियां दिखाईं, और उन्हें दूर करने ठोस व रचनात्मक सुझाव भी दे दिए। नेता प्रतिपक्ष ने डेटा, उत्पादन और एआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र सरकार से कहा कि आपको डेटा पर काम करना चाहिए। हमारे पास प्रोडक्शन (उत्पादन) और कंजप्शन (खपत) तक किसी का भी डेटा नहीं है। अगर हमारे पास डेटा होता तो हमारे विदेश मंत्री को प्रधानमंत्री के निमंत्रण के लिए तीन बार अमेरिका नहीं जाना पड़ता। उनके इस बयान पर संसदीय कार्यमंत्री ने फौरन ऐतराज जताया, विदेश मंत्री एस जयशंकर भी इस बात के लिए राहुल गांधी की निंदा कर रहे हैं। हालांकि राहुल गांधी से पहले निमंत्रण का मुद्दा सुब्रमण्यम स्वामी उठाते रहे हैं, लेकिन भाजपा ने उन्हें कभी कुछ नहीं कहा। जहां तक राहुल गांधी के बयान का सवाल है, तो यह उन्होंने इस संदर्भ में कहा कि अगर आज भारत तकनीकी तौर पर चीन जितना सक्षम होता तो अमेरिका के आगे कमजोर महसूस नहीं करना पड़ता। और आज की यह कड़वी हकीकत भी है, जिससे केंद्र सरकार मुंह चुरा रही है। यह तथ्य है कि डोनाल्ड ट्रंप ने शी जिनपिंग को खुद फोन कर न्यौता दिया था, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी को नहीं बुलाया था। और जब श्री मोदी ने अपने दोस्त ट्रंप को बधाई दी और आपसी सहयोग की बात की, उसके बाद ट्रंप ने मंगलवार को अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों की पहली खेप सैन्य विमान में बिठाकर रवाना कर दी। यहां सीधे-सीधे भारत को अपमानित किया गया, लेकिन सरकार इस पर कुछ नहीं कह रही।

बहरहाल, अपने संबोधन में राहुल गांधी ने देश में हुई अहम क्रांतियों का उल्लेख करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की अपने पिता द्वारा शुरू की जा रही कंप्यूटर क्रांति का विरोध किए जाने का जिक्र भी किया, लेकिन साथ ही यह कहना नहीं भूले कि वह वाजपेयी का बेहद सम्मान करते हैं। यानी राहुल गांधी कहीं से भी सरकार से तकरार करने की मुद्रा में नहीं दिखे। जैसे महाराष्ट्र के नतीजों का जिक्र करते हुए जब उन्होंने चुनाव आयोग पर सवाल उठाए तो कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच 70 लाख नए वोटर जोड़े गए।

# प्रशासन और प्रदेश का आम जनमानस

-किशन बुशैहरी-

प्रदेश के आम जनमानस के समग्र उत्थान के लिए वर्तमान प्रदेश सरकार की शासन व्यवस्था निष्पक्ष, पारदर्शी एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन के प्रति प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री का दो वर्ष का कार्यकाल विभिन्न राजनीतिक एवं प्रशासनिक कारणों से देश व प्रदेश में चर्चा का विषय रहा है। प्रदेश में राजस्व, शिक्षा, विद्युत, स्वास्थ्य जैसे मूल विभागों में विकासात्मक एवं सुधारात्मक प्रयोग एवं प्रयास, भविष्य में प्रदेश के विकास की गाथा में अवश्य ही अपनी अमिट छाप छोड? में सफल होंगे। विगत दो वर्षों की आर्थिक, राजनीतिक एवं प्रशासनिक अस्थिरता या उथल-पुथल वाली परिस्थितियों के समक्ष प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अत्यधिक सुदृढ़ होकर उभरी है, जिसमें विगत वर्ष अवसरवादिता से प्रेरित राजनीतिक घटनाक्रम में कांग्रेस के छह विधायकों व तीन निर्दलीय विधायकों का प्रदेश सरकार के विरुद्ध विद्रोह प्रदेश के राजनीतिक इतिहास में अविस्मरणीय घटना के रूप में दर्ज हो चुका है। इसके उपरांत वर्तमान मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की दयनीय वित्तीय स्थिति, प्रशासनिक शिथिलता, प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, विभिन्न विभागों में कार्य संस्कृति के अभाव से निपटने के सार्थक प्रयासों में अधिक स्पष्टता एवं दृढ़ता प्रकट हो रही है। इन सुधारात्मक कार्यों का प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष प्रभाव प्रदेश के आम जनमानस के दैनिक प्रशासनिक कार्यों में परिलक्षित होगा।

देश व प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था आम नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षणकर्ता के रूप में कार्य करती है, परंतु वर्तमान परिस्तिथियों में यह भ्रष्टाचारी कारकों के संरक्षण प्रदान करने तक ही सीमित है। प्रदेश के उज्ज्वल एवं सुरक्षित भविष्य के दृष्टिगत, अल्पकालिक ही नहीं अपितु दीर्घकालिक आवश्यकताओं की संभावना को समक्ष रखते हुए, सरकार का आदर्श वाक्य ह्यव्यवस्था परिवर्तनह्ल की व्यापकता को समक्ष रखते हुए, प्रदेश सरकार का प्रमुख उद्देश्य प्रदेश के आम जनमानस की प्रशासनिक, सामाजिक एवं राजनीतिक आकांक्षाओं की पूर्ति करना है। परंतु प्रदेश की वर्तमान राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था में पारदर्शिता एवं नैतिकता जैसे कारकों का अभाव होने के परिणामस्वरूप, प्रदेश सरकार के व्यवस्था परिवर्तन के मूल उद्देश्य की प्राप्ति में उपरोक्त कारकों का अभाव अवरोधक के रूप में कार्य कर रहा है। प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था में इन तत्वों का अभाव दीर्घकालिक है, जिससे वर्तमान सरकार के लिए, इनका समाधान भी जटिल है। निःसंदेह दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे कारकों के परिणामस्वरूप वर्तमान सरकार इन परिस्थितियों से उबर सकती है या सफल हो सकती है। प्रदेशवासियों के समक्ष प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं भ्रष्टाचार के अनेक ऐसे प्रत्यक्ष प्रमाण हैं, जिससे प्रदेश का आम नागरिक अत्यंत त्रस्त है। राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली सदैव ही संदेहास्पद एवं पक्षपातपूर्ण होने के कारण, आम नागरिक मानसिक एवं आर्थिक प्रताड?ा से त्रस्त है। प्रदेश सरकार इस दिशा में तत्परता के साथ कार्य भी कर रही है, परंतु इस विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों की भ्रष्ट प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना, प्रदेश सरकार के समक्ष सबसे बड़ी समस्या एवं चुनौती है। व्यवस्था परिवर्तन के लिए प्रशासनिक व्यवस्था की इच्छा शक्ति, संकल्पशक्ति एवं संसाधनशीलता की परम आवश्यकता है।

अपने संवैधानिक कत्र्तव्यों के प्रति प्रशासनिक व्यवस्था एवं जनप्रतिनिधियों को सजगता, निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करने की चेष्टा करनी होगी। अपर्याप्त प्रशासनिक एवं राजनीतिक भागीदारी के कारण अधिकांश प्रदेशवासी व्यवस्थागत हिस्सेदारी से वंचित हैं, जो कि प्रदेश में व्याप्त भाई-भतीजावाद, भ्रष्टाचार का मुख्य आधार भी है। प्रशासनिक कार्यों में यदि आम जनमानस का परोक्ष हस्तक्षेप हो तो निश्चित रूप प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लग सकता है।

-प्रमोद भार्गव-

# अमेरिका से अवैध प्रवासियों की वापसी

> ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश के पहले तक अमेरिका में किसी भी देष के प्रवासी दंपत्ति के जन्मे शिशु को जन्मजात नागरिकता स्वतः मिल जाती थी। यह प्रावधान तब भी था, जब उनकी माता अवैध रूप से देश में रह रही हो और पिता भी वैध स्थायी निवासी न हो। ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध के बाद सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं को हो रही है, जो अमेरिका में शरणार्थी या अवैध प्रवासी के रूप में रह रही हैं। वे सवाल उठा रही हैं कि उनकी कोख में पल रहे मासूम शिशु का क्या दोष है?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 'अमेरिका प्रथम' अभियान पर अमल शुरू कर दिया है। ट्रंप ने चुनाव से पहले गैर कानूनी रूप से अमेरिका में रह रहे भारत समेत अन्य देशों के नागरिकों को वापस भेजने का सिलसिला तेज कर दिया है। इस क्रम में अमेरिकी शहर टेक्सास से 205 ऐसे भारतीयों को सैन्य विमान में लादकर अमृतसर में लाया गया है, जो गैर-कानूनी ढंग से अमेरिका में रह रहे थे। हालांकि भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर पहले ही कह चुके हैं कि अवैध अप्रवासियों का भारत स्वागत करेगा।

इस पहली खेप में भेजे गए 205 प्रवासियों का भारत में रिहाईश का पूरा डाटा जांच करने के बाद लिया गया है। जयशंकर और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से इस मुद्दे पर सहमति 23 जनवरी 2025 को ही बन गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी ट्रंप से फोन पर हुई बातचीत में भरोसा दिया था कि जो सही होगा उसे स्वीकार करेंगे।

अमेरिका के इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) की सूची के अनुसार ऐसे करीब 20, 427 भारतीयों की सूची हैं, जो अवैध प्रवासियों की श्रेणी में आते हैं। इनमें से 17, 940 भारतीयों के मूल निवासी होने के पतों का दस्तावेजी सत्यापन भी हो चुका है। इन्हें भी अमेरिका से निकालने की कार्यवाही चल रही हैं। हालांकि एक निजी एजेंसी के अनुसार अमेरिका में करीब 7.25 लाख भारतीय अवैध ढंग से रह रहे हैं।

हालांकि अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकाले जाने की बात कोई नई नहीं है। अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान 1100 लोगों को चार्टड विमान से भेज चुका है। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यकाल में भारत समेत अन्य देशों के चार लाख से भी अधिक अप्रवासी निकाले गए थे। अमेरिका अब तक चार छोटे देशों ग्वाटेमाला, होंडूरास, इक्वाडोर और पेरू के अवैध प्रवासियों को निकाल चुका है। भारत पांचवां देश हैं, जहां के अवैध प्रवासियों को निकाला गया है। अमेरिका ने मैक्सिको और कोलंबिया के भी अवैध प्रवासियों को सैन्य विमान में लादकर भेजा था। परंतु इन देशों की सरकारों ने विमान को अपने देशों की सीमा के भीतर उतरने की मंजूरी नहीं दी थी। बाद में इन्हें सीमा पर उतारने की सहमति बन गई थी। अमेरिका में वैध एवं अवैध तरीकों से बसने की इच्छा रखने वालों में भारत के बाद दूसरे पायदान पर चीनी नागरिक हैं। इसके बाद अल-साल्वाडोर, ग्वाटेमाला, होंडुरास, फिलीपींस, मैक्सिको और वियतनाम के प्रवासी हैं। दरअसल अमेरिका अवसरों और उपलब्धियों से भरा देश माना जाता है। इसलिए लोग बेहतर और सुविधाजनक जीवन जीने की दृष्टि से अमेरिका में स्थाई तौर से बसने की लालसा रखते हैं। किंतु अब लगता है अमेरिका में विदेशी प्रवासियों के रास्ते बंद हो रहे हैं। क्योंकि अमेरिका ने जन्मजात नागरिकता पर भी रोक लगाने का सिलसिला शुरू कर दिया है।

ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता खत्म करने के आदेश के पहले तक अमेरिका में किसी भी देष के प्रवासी दंपत्ति के जन्मे शिशु को जन्मजात नागरिकता स्वतः मिल जाती थी। यह प्रावधान तब भी था, जब उनकी माता अवैध रूप से देश में रह रही हो और पिता भी वैध स्थायी निवासी न हो। ट्रंप द्वारा जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध के बाद सबसे अधिक परेशानी उन महिलाओं को हो रही है, जो अमेरिका में शरणार्थी या अवैध प्रवासी के रूप में रह रही हैं। वे सवाल उठा रही हैं कि उनकी कोख में पल रहे मासूम शिशु का क्या दोष है? ट्रंप के प्रतिबंधित आदेश के अनुसार वही जन्मजात बच्चे अमेरिकी नागरिकता के पात्र होंगे जिनके माता या पिता अमेरिकी नागरिक हैं। कुछ राज्यों में अदालत के आदेश के चलते जन्मजात नागरिकता पर प्रतिबंध जरूर लग गया है, लेकिन ट्रंप ने इस आदेश के विरुद्ध ऊपरी अदालत में अपील करेंगे। ट्रंप ने कड़ा रुख व्यक्त करते हुए कहा है, ह्यहम पीछे नहीं हटेंगे। ह्य अमेरिकी न्याय विभाग दावा कर रहा है कि जन्मजात नागरिकता खत्म करना अमेरिकी हितों के अनुरूप है। इससे लगता है, देर-सबेर जन्मजात नागरिकता खत्म करने का कानून संपूर्ण अमेरिका में लागू हो जाएगा। वैसे भी अमेरिका में भारतीयों तथा अन्य वैध-अवैध प्रवासियों के विरुद्ध धुर दक्षिण पंथियों का आंदोलन अमेरिका प्रथम एक अभियान के रूप में सक्रिय है। यही नहीं यह आंदोलन उग्र रूप में बदलकर मेक अमेरिका ग्रेट अगेन अर्थात अमेरिका को फिर से महान बनाएंह्य जाने की मानसिकता के चलते नस्लीय तनाव के रूप में भी देखने में आ रहा है।

अवैध प्रवासियों के संदर्भ में अमेरिका को अपने गिरेवान में भी झांकने की जरूरत है। क्योंकि चिड़िया भी पंख नहीं मार सकती, का दावा करने वाला देष अवैध तरीके से आने वाले प्रवासियों पर लगाम लगाने में अब तक नाकाम रहा है। इसीलिए अमेरिका को मूलतः अप्रवासियों का देष माना जाता है। भारत के साथ अन्य देशों के लोग भी फर्जी दस्तावेजों और गैर-कानूनी तरीकों के आधार पर अमेरिकी सीमाओं के पार चले जाते हैं? आखिर डंकी रूट के जरिए अमेरिका में ही क्यों सबसे ज्यादा लोग प्रवेश करने में सफलता पा लेते हैं? इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका में कुशल एवं अकुशल कामगारों की हमेशा जरूरत रहती है। इसलिए कंपनियां अवैध तरीकों के जरिए विदेषियों को लाकर उसी तरह बसाती हैं, जिस तरह भारत में बांग्लादेषी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं को बसाने का प्रबंध किया जाता है। अमेरिका सरकार का दावा है कि बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय चोरी-छिपे अमेरिका में घुसने के प्रयास में पकड़े गए हैं। इनमें से कुछ वापस हो गए तो कुछ हिरासत में रहकर रिहाई के प्रयास में हैं। जबकि डंकी रुट का पर्याय बनी घुसपैठ की कोषिषें अत्यंत जोखिमभरी होने के साथ जानलेवा भी हैं। अनेक भारतीय युवा नौकरी व कारोबार करने की ललक में अपनी पैतृक जमीन बेचकर डंकी रुट से अमेरिका जाने का जोखिम उठाकर बर्बाद हो रहे हैं। दरअसल अमेरिका में चालक (ड्राइवर) जैसी छोटी नौकरी में भी करीब साढ़े तीन लाख रुपए का वेतन प्रतिमाह मिलता है। इसीलिए हरियाणा और पंजाब के सैंकड़ों युवा डंकी रुट के मोहजाल में आकर स्वंय के साथ समूचे परिवार की आर्थिक बद्हाली की कहानी लिख चुके हैं। अतएव युवाओं को ही नहीं उन अभिभावकों को अमेरिकी दीवानगी से बचने की जरूरत है, जो अपनी संतान का उज्जवल भविश्य अमेरिकी चकाचैंध में देख रहे हैं।

प्रवासियों का देश अमेरिका

अमेरिका की कुल जनसंख्या करीब 33 करोड़ है। इस आबादी की तुलना में उसका भू-क्षेत्र बहुत बड़ा, यानी 98, 33, 520 वर्ग किमी है। इतने बड़े भू-लोक के मालिक अमेरिका के साथ विडंबना है कि 15वीं षताब्दी तक अमेरिका की कोई स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में पहचान नहीं थी। दुनिया केवल एशिया, यूरोप और अफ्रीका महाद्वीपों से ही परिचित थी। 1492 में नई दुनिया की खोज में निकले क्रिस्टोफर कोलंबस ने अमेरिका की खोज की। हालांकि कोलंबस अमेरिका की बजाय भारत की खोज में निकला था। लेकिन रास्ता भटक कर वह अमेरिका पहुंच गया। वहां के लोगों को उसने ह्यरेड इंडियनह्य कहकर पुकारा। क्योंकि ये तांबई रंग के थे और प्राचीन भारतीयों से इनकी नस्ल मेल खाती थी। हालांकि इस क्षेत्र में आने के बाद कोलंबस जान गया था कि वह भारत की बजाय कहीं और पहुंच गया है। बावजूद उसका इस दुर्लभ क्षेत्र में आगमन इतिहास व भूगोल के लिए एक क्रांतिकारी पहल थी। कालांतर में यहां अनेक औपनिवेशिक शक्तियों ने अतिक्रमण किया। 17वीं शताब्दी में ऑस्ट्रेलिया और अन्य प्रषांत महासागरीय द्वीप समूहों की खोज कप्तान जेम्स कुक ने की। जेम्स ने यहां अनेक प्रवासियों की बस्तियों को आबाद किया।

-ललित गर्ग-

# राहुल गांधी की देश-विरोधी बचकानी राजनीति

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नीचा दिखाने के इरादे से ऐसा बयान दिया है जो भारत की साख को आघात लगाने वाला है बल्कि देश की एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करने वाला है। राहुल गांधी किस तरह गैर जिम्मेदाराना बयान देने में माहिर हो गए हैं, यह इस कथन से फिर सिद्ध हुआ कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर इसलिए बार-बार अमेरिका जा रहे थे, ताकि भारतीय प्रधानमंत्री को डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में बुलाया जाए। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते देश-विरोध में जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता एवं बचकानेपन को ही दशार्ता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान प्रतिपक्ष के नेता बनेंगे?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राजनीति से हटकर भी गहरे व्यक्तिगत आत्मीय मित्रवत संबंध है, इसलिये उनका शपथ ग्रहण समारोह में बुलाने पर किसी तरह का संदेह नहीं हो सकता। लेकिन इस बात को लेकर राहुल के बयान पर हैरानी होना स्वाभाविक है। यही कारण है कि लोकसभा में संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने राहुल गांधी की इस विचित्र बात पर आपत्ति जताई, बल्कि विदेश मंत्री जयशंकर ने भी नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि वह ऐसी बात कहकर भारत की छवि खराब करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि राहुल गांधी के झूठ का उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है, लेकिन ऐसे झूठे, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले बयान से भारत की छवि को गहरा नुकसान हुआ है। यह तय है कि विदेशी मंत्री के प्रतिवाद का राहुल गांधी की सेहत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। ऐसी मिथ्या बातें करके वे प्रधानमंत्री पर हमला करने का कोई अवसर नहीं चुकते। वह प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी को कोई महत्व नहीं देते। आखिर यह किसी से छिपा नहीं कि वह उनके खिलाफ तू-तड़ाक वाली अशालीन एवं अमर्यादित भाषा का उपयोग करते रहे हैं। विडंबना यह है कि इस आदत का परित्याग वह नेता प्रतिपक्ष का पद हासिल करने के बाद भी नहीं कर पा रहे हैं। समस्या केवल यह नहीं कि वह प्रधानमंत्री पद की गरिमा की परवाह नहीं करते। समस्या यह भी है कि वह प्रायः ऐसी बचकानी बातें कर जाते हैं, जो राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल होती हैं या दूसरे देशों से संबंधों पर बुरा असर डालती हैं।

राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं और उन्होंने अन्य सांसदों की ही तरह देश की अखंडता और एकता की रक्षा करने की शपथ ली थी, लेकिन उनके द्वारा समय-समय पर दिये गये वक्तव्य एवं टिप्पणियां पूरी तरह से राष्ट्र विरोधी है। ऐसा लगता है कि राहुल गांधी भारत विरोधी अलगाववादी समूह के नेता बनने की राह पर अग्रसर हैं और उनका इरादा भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव को नष्ट करना और देश को गृहयुद्ध की ओर धकेलना है। इस तरह राहुल गांधी द्वारा देश में विभाजन के बीज बोने के प्रयास निंदनीय ही नहीं, घोर चिन्तनीय है। सत्ता के लालच में कांग्रेस एवं उनके नेता देश की अखंडता के साथ समझौता और आम आदमी के भरोसे को तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। राहुल के बयानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी लड़ाई सिर्फ भाजपा और आरएसएस से नहीं, बल्कि भारत से है। राहुल गांधी अक्सर भारत राष्ट्र अर्थात भारत के संविधान यानी आंबेडकर के संविधान के खिलाफ विषवमन करते दिखाई देते हैं। गांधी परिवार की ह्यमुंह में राम और बगल में छुरीह्ल वाली कहावत जनता के सामने बार-बार आती रही है। आंबेडकर के अस्तित्व को नकार कर भारत के संविधान को बदलने के बाद गांधी परिवार देश का विभाजन, दुश्मन देश के नेताओं एवं शक्तियों के सपनों का टुकड़ों वाला भारत चाहता है। आखिर राहुल गांधी और कांग्रेसी किस बात के लिए संविधान की प्रति लेकर चलते हैं? इस तरह एक गैर जिम्मेदार और बचकाने नेता का लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष होना क्या देश का दुर्भाग्य नहीं है? राहुल गांधी को गंभीर आत्मनिरीक्षण करने की जरूरत है।

राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था? इतना ही नहीं, जब राहुल गांधी राफेल विमान सौदे में कथित दलाली खोज लाए थे, तो यहां तक कह गए थे कि खुद फ्रांस के राष्ट्रपति ने उन्हें बताया था कि दोनों देशों में ऐसा कोई समझौता नहीं, जो राफेल विमान की कीमत बताने से रोकता हो। उनके इस झूठ का खंडन फ्रांस की सरकार को करना पड़ा था। डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है?

राहुल गांधी के गैरजिम्मेदाराना बयानों से यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है।

-संजय गोस्वामी-

# श्रद्धालूओं के मौत पर राजनीती करना अनुचित

महाकुम्भ 25 में हुई भगदड़ में असमय मौत पर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का व्यान दुर्भाग्यपूर्ण है कि मरने वाले मोक्ष को प्राप्त कर लिए हैं ऐ भूमि भारत माँ की है जिसके मासूम बच्चों की मौत हुई उधर संतो एक पक्ष ऐसा भी है जो उनके इस बयान पर गुस्से में हैं यहाँ आपको असली राम भक्त नहीं मिलेंगे वो तो हिमालय पर्वत पर राम नाम जप कर सिद्धि प्राप्त कर रहें होंगे और कुंडली को जागृत कर बाहर से भोजन कर प्रभु प्रेम में आनंदित हो रहें होंगे ताकि मोक्ष मिल जाये लेकिन उन्हें भी मिलेगा या नहीं मैं बता नहीं सकता दरअसल मोक्ष इस मायाबी दुनिया से परे है और अपने को जानना चाहता है कि मैं कौन हूँ और ईश्वर ने क्यों भेजा है मैं इस तरह प्रभु के चरणों में दास बन जाऊं कि बार बार जन्म औ? मौत के बंधन से मुक्त हो जाऊं जो खुद को नहीं जान सकता वह मौत को कैसे जान सकता है इसलिए पहले वे संत अपने तप से शरीर से आत्मा को निकाल कर अंतरिक्ष में विचरण करते हैं औ? पुनः अपने शरीर में प्रवेश करते हैं इसके बाद जब शरीर से रिश्ता नाता खत्म कर जनकल्याण हेतु सूक्ष्म रूप से विचरण करते हैं औ? सच्चे इंसान को राह दिखाते हैं तब उन्हें मोक्ष मिलता है कोई इतना भी शक्तिशाली होता है कि संसार के मायाजाल से निकलकर कोई तारा का रूप धारण कर लेता है ध्रुव तारा जिसे पूर्ण रूप से मोक्ष मिल गया क्योंकि आज तक कोई उस तक पहुँच नहीं पाया है औ? हजारों साल बाद भी किसी भी अतंरिक्षयान से जो प्रकाश की गति से भी चले लेकिन पहुंचना मुश्किल है तो मोक्ष मिल गया क्योंकि रात में वही आपको टीमटीमाते नजर आते हैं जिससे आपको सकून मिलता है इस क्रम में कई बार साधक तप व योग के प्रभाव से शरीर से आत्मा तो निकाल पाने में सक्षम हुए लेकिन बापस नहीं आ पाएं और गहरी निद्रा में सो गए और भक्तो ने इस आस में कि समाधि लग गई है कभी भी लौट सकते हैं उसे डीप फ्रीजर में रख दिया जिसे कानूनी रूप से मान्यता भी मिली है वैज्ञानिक भी इस शोध में लगे हैं कि कभी ऐसी कोई दवा आ जाए ताकि मरे हुए शरीर को जिंदगी दे सके और अमेरिका में 500 से भी अधिक बॉडी क्रायोजेनिक में रखी गई है क्रायोजेनिक में कुछ गैसों को क्रायोजेनिक परिस्थितियों में संग्रहित किया जाता है, अर्थात उन्हें बहुत कम तापमान (-130 डिग्री फारेनहाइट या उससे कम) पर संग्रहित किया जाता है। इस तरह से संग्रहित गैसों के उदाहरणों में वायु, आर्गन, कार्बन मोनोऑक्साइड, एथिलीन, फ्लोरीन, हीलियम, हाइड्रोजन, मीथेन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन शामिल हैं। मौत का सही आकड़ा पर भी सच के लिए लगातार बयानवाजी हो रहें हैं अतः इसपर राजनीती करना ठीक नहीं है जो दुनिया से चले गए वो तो जिन्दा आ नहीं सकते कम से कम इंसानियत के नाते उनके दुःखो पर बयानवाजी बन्द कर दें कितनी संख्या में लोग कुचल कर मारे गए हैं ऐ ईश्वर ही जानता होगा और वही सही न्याय करेगा यदि सही आकड़ा मिल भी गया और तीस की जगह 300से ज्यादा का आकड़ा मिल गया जो मिडिया में खुब चल रहा है तो आप क्या कर सकते हैं सत्य एक दिन जरूर उजागर होगा और आप नहीं जनता ही चुनाव में बतायेगी अतः उनके परिवार को मदद करें और ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करें जो असली संत है वो तो परमात्मा भगवान श्री राम के प्रेम में इस तरह से मग्न है कि उसे पता नहीं कब क्या हो रहा है नहीं विश्वास है तो हिमालय की चोटी में जाकर देखें कई ने तो स्थूल शरीर को ध्यान से इसतरह कर लिया है कि हवा में तैर रहा है औ? कई को शिक्कर से बंधा गया है जो गए वो भोले वाले इंसान थे जिसमें ईश्वर के प्रति आराधना थी वो गलत लोगों के बहकावे में और अमानवीय लोगों के निचे कुचलने से दबकर मर गए उनकी आत्मा भटकती होगी क्योंकि उन्हें बहला फुसला कर लाया गया और लापरवाही से मौत हो गई आत्मा कभी मरती नहीं है या तो भटकती है अपने परिवार की चिंता के लिए या फिर अपने किए पर पछताने के लिए यदि आपको विश्वास नहीं है तो पटना हवाई अड्डा में जब जुलाई 2000 में पटना एयरपोर्ट के पास हवाई दुर्घटना में 60 लोगों की मौत हो गई थीः एलायंस एयर की फ्लाइट 7412 में 52 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। कुल 6 यात्री लखनऊ के लिए उड़ान भर चुके थे, जबकि अन्य 46 पटना जा रहे थे। उसके बाद रात में कुछ अनहोनी वारदात हुई कि रात में प्रेतआत्मा मायाबी शरीर धारण कर रिक्शा या ऑटो में अपने घर जाने के लिए बैठ जाता और फिर जब घर आता तो उससे पहले ही गायब हो जाता बाद में खुब हवन कीर्तन और राम का भजन कीर्तन हुआ तो बन्द हो गया क्योंकि राम नाम से मुक्ति मिली होगी हमेशा हमें उस शक्ति देने वाला उस परमात्मा भगवान श्री राम या गुरु के आदर्शो पर चलना चाहिए आप सोचते होंगे की किसी के कारण मुझे परेशान हो रही है लेकिन मेरे हाथ में कुछ नहीं है अगर मेरे हाथ मे कुछ होता तो मैं किसी को बचा लेता जो नहीं होता है और वही परमात्मा सबका मालिक है। दुःख और सुख जीवन के अविभाज्य अंग हैं, और हमें निराशा, अपमान एवं दुःख को जीवन का अपरिहार्य अंग मानकर स्वीकार करना पड़ेगा, अन्यथा हम आगे नहीं बढ़ सकते हैं और शोकसन्तप्त होकर विनष्ट हो जायेंगे। विवशता एवं असाध्यता के साथ समझौता कर लेना, उसे सहर्ष अपना लेना बुद्धिमत्ता है। जीवन में यथार्थता को स्वीकार कर लेना और उसके साथ समायोजन (एडजस्टमेण्ट) करके संतोष धारण कर लेना सुख-शांति की दिशा में एक आवश्यक पग है। यह एक तथ्य है कि हम किसी भी व्यक्ति तथा किसी भी परिस्थिति में पूर्णतः संतुष्ट नहीं होते। समझौता तो पग-पग पर आवश्यक होता है। सुखी एवं स्वस्थ जीवन अपने साथ, परिवार के साथ समझौतों की एक श्रृंखला है। यदि प्रयत्न करने पर भी किसी क्षेत्र में परिस्थिति न सुधरे अथवा प्राकृतिक आघात, दुर्धटना आदि के कारण कोई वास्तविक विवशता हो, तो उसे सहर्ष स्वीकार कर लेना चाहिए और उससे लज्जित अथवा दुःखी होना व्यावहारिक है। लेकिन उसपर राजनीति करना गलत है आप दरअसल ऐ कर रहें हैं कि प्रभु राम को खुद से जानने के बदले किसी कथावाचक पर सही मान लेते है प्रभु श्री राम को खुद जानने की कोशिश करें और उसके बताये मार्ग पर चले और कभी किसी के मरने पर गलतबयान देना उचित नहीं है कोई काल आया और मौत बनकर सबको ले गया अब उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना करें प्रभु राम के चरणों में झुक कर कि उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। किसी भी बयान को देते समय मन को नियंत्रित कर जो सही है उसे ही लोगों तक बताएँगे अब पंडित धीरेन्द्र शास्त्री गलत बयान देकर खुद ही फंस गए धीरेंद्र शास्त्री के इस बयान पर शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कड़ी प्रतिक्रिया दी।

## संक्षिप्त समाचार

### यूनाइटेड एयरलाइंस के विमान में लगी आग

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** रविवार सुबह न्यूयॉर्क जाने वाली यूनाइटेड एयरलाइंस की एक फ्लाइट को टेकऑफ़ के दौरान आग लगने के बाद खाली कराया गया। मामले में संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) ने बताया कि यूनाइटेड एयरलाइंस की फ्लाइट 1382 को सुबह 8:35 बजे के आसपास जॉर्ज बुश इंटरकॉन्टिनेंटल एयरपोर्ट से इंजन में समस्या के चलते टेकऑफ़ रद्द करनी पड़ी। इस घटना को लेकर फॉक्स 26 ह्यूस्टन द्वारा जारी एक वीडियो में देखा गया कि विमान के पंखे पर आग लग गई है। फुटेज में, एक फ्लाइट अटेंडेंट को यात्रियों को बैठे रहने का निर्देश देते हुए सुना जा सकता है, जबकि एक यात्री चिल्लाता है कि नहीं, इसमें आग लगी है! साथ ही मामले में ह्यूस्टन फायर डिपार्टमेंट के अनुसार, यात्रियों को सीढ़ियों और आपातकालीन स्लाइड का उपयोग करके निकाला गया। घटनास्थल से एक वीडियो में विमान में सवार लोगों का एक समूह टरमैक पर खड़ा हुआ दिखाई दे रहा है।

### तुर्किये ने सीरिया में 23 कुर्दिश लड़ाकों को मारने का किया दावा

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किये ने रविवार को सीरिया में 23 कुर्दिश लड़ाकों को मार गिराने का दावा किया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मारे गए लोग सीरियाई कुर्द वाईपीजी मिलिशिया या प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के सदस्य थे। तुर्किये पीकेके व वाईपीजी को एक ही मानता है, जबकि अमेरिका उन्हें अलग-अलग समूह मानता है। अमेरिका ने पीकेके को आतंकी समूह के रूप में प्रतिबंधित किया है, जबकि सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ अभियान में वाईपीजी को अपना मुख्य सहयोगी मानता है।

### केन मार्टिन चुने गए डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के विपक्षी दल डेमोक्रेटिक पार्टी ने शनिवार को केन मार्टिन को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना। मार्टिन मिनेसोटा में पार्टी का नेतृत्व कर रहे थे। वह डेमोक्रेटिक नेशनल कमेटी में जैमे हैरिसन की जगह लेंगे। हैरिसन ने राष्ट्रपति चुनाव में पार्टी की हार के बाद एक और कार्यकाल की मांग नहीं की। पार्टी अध्यक्ष चुने जाने के बाद मार्टिन ने ट्रंप व उनके रिपब्लिकन सहयोगियों को चेतावनी देते हुए कहा, हम आ रहे हैं। यह एक नई डेमोक्रेटिक पार्टी है। मार्टिन अब डेमोक्रेटिक पार्टी की वापसी के प्रयास में सबसे अहम खिलाड़ियों में से हैं, क्योंकि ट्रंप राष्ट्रपति पद की शक्ति की सीमाओं को आगे बढ़ा रहे हैं।

### आयरलैंड में कार पेड़ से टकराई, दो भारतीयों की मौत

**डबलिन, एजेंसी।** दक्षिणी आयरलैंड में भारतीय छात्रों की कार एक पेड़ से टकरा गई। हादसे में दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि दो की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार की सुबह हुआ। भारतीय छात्र चेरेकुरी सुरेश चौधरी व चिथूरी भार्गव को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। दोनों की उम्र 20 वर्ष के करीब थी। डबलिन स्थित भारतीय दूतावास ने रविवार को बताया कि घायलों को हर संभव सहायता मुहैया कराई जा रही है। कार्लो गार्डा स्टेशन के सुपरिंटेंडेंट एंथनी फैरेल ने कहा, एक काले रंग की ऑडी ए6 कार कार्लो शहर की ओर जाते समय सड़क पार कर एक पेड़ से टकरा गई। घायल भारतीयों में एक महिला भी शामिल है।

### वेल्स की राजकुमारी केट अपनी पोशाकों का प्रचार-प्रसार कम करेंगी

कार्डिफ, एजेंसी।
वेल्स की राजकुमारी केट के पोशाकों पर लगातार हो रही चर्चाओं के बीच खबर आ रही है कि अब राजकुमारी वेल्स अपने पोशाकों का प्रचार-प्रसार कर करेंगी। उनका मानना है कि लोग उनके काम पर ध्यान दें, न कि उनके कपड़ों पर। मीडिया रिपोर्ट की माने तो केंसिंग्टन पैलेस ने फैसला किया है कि अब केट के पहने हुए लग्जरी ब्रांड्स के नाम कम बताए जाएंगे। केट को उनके सुरुचिपूर्ण फैशन के लिए सराहा जाता है, और वे अक्सर दुनिया के मशहूर डिजाइनरों के कपड़े पहनती हैं, जैसे चैनल, अलेक्जेंडर मैकक्वीन, और जेनी पैकहम। उनके द्वारा पहने गए कपड़े ब्रांड्स को अक्सर फायदेमंद होते हैं। हालांकि, केट इस बात से परेशान थीं कि उनके पहनावे पर बहुत अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जबकि वे जो महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रही हैं, उन पर कम चर्चा हो रही है।

### कैंडेलारिया के पर्व में आस्था और परंपरा का अनूठा संगम

**मार्केसाडो, एजेंसी।** हर साल फरवरी की शुरुआत में, स्पेन के एक छोटे से गांव अल्मोनासिड डेल मार्केसाडो में स्थानीय लोग कैंडेलारिया की वर्जिन का पर्व मनाते हैं। इस त्योहार में शैतान और नर्तक सड़कों पर उतरते हैं और आस्था और परंपरा का जश्न मनाते हैं। बता दें कि यह उत्सव कम से कम मध्यकाल से मनाया जा रहा है, और 2-3 फरवरी को 卐एंडियाब्लाडा卐 नामक उत्सव होता है, जिसमें शैतानों का भाईचारा सड़कों पर नाचते, कूदते और शैतानी वेश में दिखाई देता है। इस दौरान, गांव के पुरुष रंगीन जंपसूट और लाल टोपी पहनकर शैतान के रूप में तैयार होते हैं, और अपनी कमर में बड़ी तांबे की घंटियाँ बांधते हैं, जो लगातार बजती रहती हैं। वे गांव की सड़कों पर चलते, नाचते और कब्रिस्तान भी जाते हैं। इस उत्सव में केवल वही पुरुष भाग ले सकते हैं, जो गांव में जन्मे हों या जिनके पूर्वज वहां रहते थे। एक 卐शैतान卐 ने बताया कि उनकी घंटियाँ लगभग 13-14 किलो वज़न की होती हैं, लेकिन उन्हें इसे पहनने में कोई परेशानी नहीं होती, क्योंकि वे इसे पूरे दिल से निभाते हैं।

# हरियाणा: बिजली विभाग कालांवाली के अधिकारी उर्जा मंत्री के आदेशों की अवेहलना कर रहे हैं : सोढ़ी




**इंद्रजीत/हरियाणाः** कालांवाली दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों की कार्य-प्रणाली अपने ही माननीय उर्जा मंत्री महोदय के आदेशों की अवेहलना कर रहे हैं। उर्जा मंत्री अनिल विज ने चोराहों/गलियों/रास्तों के बीचों बीच लगे बिजली पोल हटवाने के निर्देश दिए हैं, परन्तु इन आदेशों का स्थानीय बिजली विभाग के अधिकारियों की कार्य-प्रणाली पर कोई असर नहीं है।

उल्लेखनीय है कि, गत दिनों अनिल विज जी ने भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा आदेशों की अवेहलना करने से नाराजगी जाहिर की थी। समाजसेवी गुरतेज सिंह सोढ़ी ने गांव कालांवाली की जनसमस्या उठाते हुए बताया कि मैं पिछले कई सालों से लिखित व मौखिक तौर पर कालांवाली बिजली विभाग के कार्यालय को आवेदन-पत्र/शिकायत-पत्र देकर अवगत करवा रहा हूं कि गांव कालांवाली में कण्डा फैक्ट्री के पास मुख्य चौराहे (चौक) व रास्ते के बीचों बीच लगे पांच-छः बिजली पोल गलत हैं इनसे गांव की दो गलियां पूर्णतः मुख्य रास्ते से कट चुकी हैं। इन्हें हटवाकर एक तरफ किया जाए। इनसे कभी भी कोई बड़ा हादसा (दुर्घटना) हो सकता है, परन्तु विभागीय अधिकारियों ने इसे कभी भी गम्भीरता से नहीं लिया जिससे यह हादसे (दुर्घटना) को निमंत्रण देने वाले बिजली पोल ज्यों-के-त्यों माननीय उर्जा मंत्री के आदेशों का मुंह चिढ़ा रहे हैं।

इस जनसमस्या को लेकर 22 अक्टूबर 2024 को एक आवेदन सोशल मीडिया व ई-मेल के माध्यम से माननीय उर्जा मंत्री श्री अनिल विज जी को भेजा था जब उनका सिरसा आगमन था। तब श्री अनिल विज जी की सख्त कार्यशैली के भय से बिजली विभाग के अधिकारियों ने दो पोल उसी दिन हटवाने शुरू कर दिए थे माननीय मंत्री के सिरसा दौरे से वापिस होते ही इन्होंने अपनी कार्यप्रणाली अनुरूप पोल हटाने का कार्य वहीं इतिश्री कर दिया जिससे गांव के मुख्य रास्ते के बीचों बीच बिजली पोल लगे होने से दो मुख्य गलियों की आवाजाही नहीं हो सकती व कोई बड़ा वाहन इन बिजली पोलों कारण आ-जा नहीं सकता।

इस जनहित मुद्दे लेकर सोढ़ी ने आगे बताया कि, उन्होंने मुख्यमंत्री महोदय जी को सी.एम. विंडो के माध्यम से शिकायत दर्ज करवा दी है तथा बिजली विभाग के अधिकारियों की सुस्त व घटिया कार्यशैली को लेकर जिला शिकायत एवं कष्ट निवारण समिति में शिकायत दर्ज करवाई जाएगी व पत्राचार के माध्यम से एक रजिस्टर्ड शिकायत माननीय उर्जा मंत्री अनिल विज जी की सेवा में भेजकर कालांवाली बिजली विभाग की सुस्त व घटिया कार्यशैली की पोल खोली जाएगी।

## उत्तर प्रदेश: महोबा पुलिस ने रिटायर्ड फौजी के घर हुई चोरी का किया खुलासा, तीन बदमाश गिरफ्तार



**रानू/उत्तर प्रदेशः** महोबा पुलिस ने शहर कोतवाली क्षेत्र के यशोदा नगर में रिटायर्ड फौजी के घर हुई चोरी का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस मामले में "अस्सु गैंग" के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी के 11 दिन बाद इस मामले का पदार्फाश करते हुए चोरी की गई सामग्री बरामद की। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही में चोरी के दौरान ली गई 2 तमंचे, 38 कारतूस, एक चोरी की गई लाइसेंसी रिवॉल्वर और 38 कारतूस सहित 2 लाख 25 हजार रुपये की नगदी और 3 लाख 30 हजार रुपये के सोने-चांदी के जेवर भी बरामद किए गए। इस गिरोह का सरगना हिस्ट्रीशीटर आशाराम था, जो "अस्सु गैंग" बनाकर अपराधों को अंजाम दे रहा था। एसपी महोबा ने प्रेसवार्ता कर इस मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि एसओजी और शहर कोतवाली पुलिस की पांच टीमों ने इस चोरी की वारदात को सुलझाया और बदमाशों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए अपराधियों में आशाराम धोबी, घनश्याम पाल और राजेश ढीमर शामिल हैं।

## उत्तर प्रदेश: सरोजिनी नायडू मेडिकल कॉलेज के रेडिएशन ऑकोलॉजी विभाग के लिनाक ब्लॉक में नई कैंसर मशीन का हुआ उद्घाटन

**कपिल कुमार**

**दोआर/उत्तर प्रदेशः** प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, चरण-क्श के अन्तर्गत निर्मित ब्लॉक में लिनाक कैंसर मशीन का उद्घाटन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल उत्तर प्रदेश सरकार एवं आगरा मेयर



हेमलता दिवाकर और विधायक योगेंद्र उपाध्याय एवं विधायक छोटेलाल वर्मा की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर राज्य मंत्री एवं सभी माननीय विधायकों ने केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को आभार प्रकट किया और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ को आगरा प्रदेश को इतना बड़ा तोहफा देने के उपलक्ष में धन्यवाद दिया। बताया कि अब मरीज को लखनऊ एवं दिल्ली ना जाकर आगरा में ही सरकारी रेट पर इलाज मिलेगा वही उन्होंने यह भी बताया कि 70 साल से ऊपर के जो बुजुर्ग हैं उनको सिर्फ आधार कार्ड के ऊपर फ्री में उपचार मिलेगा। उन्होंने सरकार की ओर से जारी की गई उपचार दर के बारे में भी बताया। मरीज को प्राइवेट अस्पतालों के मुकाबला आधे से भी कम दामों में उपचार मिल पाएगा। वही बता दे कि अभी तक यह मशीन सिर्फ लखनऊ केजीएमसी में थी। मरीज को लखनऊ या फिर दिल्ली इलाज के लिए जाना पड़ता था।

## राजस्थान: हरिगढ़ में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ बुधवार से

**राजपूत रणजीत**

**राजस्थानः** दुधालिया ग्राम पंचायत के हरिगढ़ स्थित गैस प्लांट के पास 31 जनवरी बुधवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हो रहा है। इस कथा का आयोजन श्री बालाजी गौशाला समिति, हरिगढ़ के तत्वावधान में किया जा रहा है। सरपंच देवेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि यह धार्मिक आयोजन 4 फरवरी तक चलेगा, जिसमें कथा वाचक पूजा गायत्री वैष्णव द्वारा संगीतमय भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा का आयोजन ग्रामीण अंचल के भक्तों के लिए विशेष रूप से किया गया है, ताकि वे इस धार्मिक अनुष्ठान का आनंद ले सकें। हरिगढ़ के आसपास स्थित पहाड़ी पर ग्राम पंचायत द्वारा कई आकर्षण तैयार किएगए हैं, जिनमें गौशाला, गैस प्लांट,




भूलभुलैया, फलदार वृक्षों का बगीचा, बच्चों के झूले इत्यादि शामिल हैं। यह स्थान भक्तों के लिए एक शांतिपूर्ण और मनमोहक वातावरण प्रदान करता है, जो कथा के आयोजन को और भी खास बनाता है। इस आयोजन से क्षेत्र के लोग धार्मिक आस्था के साथ जुड़ेंगे और आत्मिक शांति प्राप्त करेंगे।

# उत्तराखंड: संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन

**हरीश उपाध्याय**

**उत्तराखंडः** संकल्प वेलफेयर सोसाइटी ने ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें 35 यूनिट रक्त दान किया गया। इस अवसर पर डॉ. रविंद्र चौहान ने रक्तदान के फायदों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान से किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती, बल्कि यह हृदय, ब्रेन हेमरेज और कैंसर जैसे गंभीर रोगों का खतरा कम करता है। साथ ही, यह नई ब्लू सेल्स बनाने में मदद करता है और लिवर को स्वस्थ रखता है। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री डॉ. संजय पालीवाल और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने रक्तदान को धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता। रक्तदान से जरूरतमंद और बीमार लोगों की जान बचाई जा सकती है, और यह समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। रक्तदान शिविर में 48 लोगों ने भाग लिया, जिनमें 38 मिनट तक रक्तदान किया गया। शिविर में रक्तदान करने वालों में रवीश भाटिया, अंकुश ढींगरा, हरिओम चौहान, एडवोकेट भारत तनेजा, सुरेंद्र भाटिया, रविंद्र नेगी, विश्रांत शर्मा, नागेश तोमर, सुमित ठाकुर, हितेश भाटिया, राजपूत राहुल चौहान, विशाल झा, भूषण कुमार, कमल पावा, रविंद्र ठाकुर, सुनील आहूजा, सविता शास्त्री, आयुष शरीर, आदित्य सिंह, कुलदीप वरुण शर्मा, अभिषेक, नमन अग्रवाल, सागर, योगेश कुमार, महेंद्र शर्मा, हिमांशु चौहान, जगदीश कुमार, और अजय शामिल थे। इस आयोजन में महावीर सिंह, दिनेश लाखेड़ा, विवेक राजपूत, कपिल, कमलेश झा, और डबल सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। रक्तदान शिविर का आयोजन समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने और लोगों को इस पुण्य कार्य में भागीदारी करने के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से किया गया था।



## महाराष्ट्र: राज्य के जिला गडचिरोली आष्टी गांव में गणतंत्र दिवस धूम- धाम से मनाया गया

**महेश पांडुरंग शेंडे**

**महाराष्ट्रः** गणतंत्र दिवस भारतीय संविधान को अपनाने और देशभक्ति के जश्न का दिन है। यह दिन हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों और भारतीय संविधान के निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की कड़ी मेहनत और संघर्ष की याद दिलाता है। इस साल भारत 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 को मना रहा है, जो भारतीय संविधान के लागू होने की याद में मनाया जाता है। 26 जनवरी 1950 को भारतीय संविधान लागू हुआ था, जिसके बाद भारत एक संप्रभु गणराज्य बना। गणतंत्र दिवस के इस खास मौके पर आष्टी ग्रामपंचायत द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों और समारोहों का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों को अपनी देशभक्ति और कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है।



इस दिन की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने से होगी, जहां वह भारतीय सैनिकों के बलिदान को सम्मानित करेंगे।संविधान का महत्व गणतंत्र दिवस हमें यह याद दिलाता है कि 26 जनवरी 1950 को हमारे संविधान का लागू होना हमें एक स्वतंत्र और गणतांत्रिक देश बनने का गौरव प्रदान करता है। भारतीय संविधान ने हमें समानता, न्याय और स्वतंत्रता के अधिकार दिए हैं, जिससे प्रत्येक भारतीय को अपने अधिकारों का एहसास हुआ और देश में एक मजबूत लोकतंत्र की नींव पड़ी।

शिक्षा और जागरूकता इस दिन स्कूलों और संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जहां छात्र अपनी शपथ लेते हैं कि वे एक अच्छे नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे और अपने देश को एक खुशहाल और शांतिपूर्ण स्थान बनाने में योगदान देंगे। गणतंत्र दिवस के इस शुभअवसर पर आष्टी गाव के खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेल की ऊंचाई पर पहुचाने का श्रेय कराटे मास्टर" कपिल मसराम" और "सुशील अवसरमोल" को जाता हैं।

## महाराष्ट्रा: चंद्रपूर के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय वू-शु कराटे प्रतियोगिता में मेडल हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया

**मोनीश नीलेश बाम्बोली**

**महाराष्ट्राः** महाराष्ट्र राज्य के जिला चंद्रपूर के विनय बोधे सर के नेतृत्व में कराटे के विभिन्न प्रकार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने 22वीं आल महाराष्ट्र वू-शु एसोसिएशन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय वू-शु कराटे प्रतियोगिता में शानदार सफलता हासिल की। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता यशवंत महाविद्यालय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नांदेड में आयोजित की गई थी, जिसमें चंद्रपूर के खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन के साथ 14 सिल्वर मेडल और 3 ब्रॉन्ज मेडल जीते। इस प्रतियोगिता में चंद्रपूर के खिलाड़ियों ने ताउलु और सांशू वू-शु कराटे के विभिन्न प्रकारों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों का कहना है कि यह



सफलता उन्हें उनके परिवार, कोच और साथी खिलाड़ियों के समर्थन से मिली है। उनके निरंतर अभ्यास और कठिन मेहनत ने उन्हें इस सफलता तक पहुंचाया है। वू-शु मास्टर विनय बोधे और मार्गदर्शक प्रीती बोरकर ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता चंद्रपूर जिले के खेल क्षेत्र के लिए गर्व का कारण है। इस उपलब्धि के बाद, चंद्रपूर के खिलाड़ी अब आगामी महाराष्ट्र ओलंपिक प्रतियोगिता में भाग लेने की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी भी हिस्सा लेंगे। इस प्रतियोगिता में उनकी सफलता से न केवल उनके परिवार को गर्व है, बल्कि पूरे गांव ने भी इस उपलब्धि को सम्मानित किया है।

## उत्तर प्रदेश: बागपत के बडौत में जैन समाज के श्रद्धालुओं की दुखद दुर्घटना, 7 की मौत, 50 से अधिक घायल

**घनश्याम दास**

**उत्तर प्रदेशः** जिले के बडौत शहर में भगवान आदिनाथ मोक्ष कल्याणक के अवसर पर हुई एक अत्यंत दुखद घटना में सात जैन श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि पचास से अधिक लोग घायल हो गए। यह घटना जैन समाज के श्रद्धालुओं के बीच शोक का कारण बन गई है।



भारत निविदा लाइन समाचार के अनुसार, घनश्याम दास ने बताया कि बडौत में हुई इस दुर्घटना के बाद भारतीय जैन मिलन के विशिष्ट संरक्षक और मेरठ महानगर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सुरेश जैन रितुराज घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया और समाज के प्रमुख लोगों से पूरी स्थिति का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने जिला बागपत के सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान से घायलों के बेहतर इलाज के लिए चर्चा की और घायलों के परिजनों को पूरी तरह से आश्वस्त किया। सुरेश जैन रितुराज ने घटना के बाद उत्तर प्रदेश सरकार से मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपये और गंभीर घायलों को 50 लाख रुपये की मदद की मांग की। उन्होंने कहा कि सांसद के सहयोग से और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष की संस्तुति से वे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलने का समय लेकर इस कार्य को पूरा करने का प्रयास करेंगे। इसके अलावा, सुरेश जैन रितुराज ने कुछ घायलों के बेहतर इलाज के लिए मेरठ मेडिकल कॉलेज में भी बात की और हादसे में मृतकों के घर जाकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने अलग-अलग घायलों के घर भी जाकर उनका हाल-चाल लिया और उनकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास किया।

## हरियाणा: डबवाली पुलिस ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**महिपाल सिंह**

**हरियाणाः** देश को स्वतंत्रता संग्राम में जिन महान लोगों ने अपनी जान की कुबार्नी दी, उन्हें कभी नहीं भुलाया जा सकता। इसी उद्देश्य से, हर साल 30 जनवरी को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और उनके बलिदान को याद करने के लिए डबवाली पुलिस ने मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर डबवाली पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शहीदों को याद किया गया और सभी थाना और चौकियों के प्रभारी एवं पुलिस कर्मियों ने मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रभारी कल्याण शाखा निरीक्षक



सर्बजीत कौर, पुलिस अधीक्षक एसआई विकास कुमार और सभी शाखाओं के प्रभारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने इस अवसर पर कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता और हमें उनके संघर्षों को याद रखना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके योगदान की महत्वता समझ में आ सके। यह कार्यक्रम शहीदों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था, जिससे पुलिस विभाग की ओर से शहीदों की बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई।

# नया इनकम टैक्स कानून करदाताओं की जिंदगी आसाना बनाएगा : अग्रवाल

## इस बार के बजट से करोड़ करदाता खुश

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025 में नया इनकम टैक्स कानून लाने की बात कही थी। इस घोषणा के बाद से ही टैक्सपेयर्स के बीच यह कयास शुरू हुआ है कि आखिर नया इनकम टैक्स कानून कैसा होगा और इसका उन पर के या असर होगा। टैक्सपेयर्स की दुविधा और शंका को शांत कर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने बताया कि नया इनकम टैक्स कानून प्रत्यक्ष कर को काफी आसान करेगा और करदाता की जिंदगी भी आसान होगी। रिपोर्ट के अनुसार सीबीडीटी चेयरमैन ने बताया कि यह बहुत संतोष की बात है कि इस बार बजट को इतनी सकारात्मकता से लिया गया है और इतना ही नहीं हमारे करोड़ करदाता खुश हैं। टैक्स में दिया गया पूरा लाभ करीब 1 लाख करोड़ रुपये का है और इस साल का बजट लक्ष्य 22.37 लाख करोड़ रुपये है, तब यह कुल करों का 5 प्रतिशत बनता है। लोगों के हाथ में यह 1 लाख करोड़ रुपये होने का अर्थव्यवस्था पर प्रभाव दिखेगा। व्यापार विकसित होगा।

सीबीडीटी चेयरमैन अग्रवाल के मुताबिक, टैक्स छूट के रूप में हमारी ओर से दिया गया पैसा वापस लौटेगा। यह कंपनियों के माध्यम से आएगा, यह व्यापार आय के माध्यम से आएगा, यह वेतन के माध्यम से भी आ सकता है, क्योंकि अगर कंपनियां बढ़ती हैं, तब वेतन भी बढ़ेगा। इस 1 लाख करोड़ रुपये की राहत का सकारात्मक प्रभाव देश की इकानामी पर दिखाई देगा। हम इस साल 15 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे हैं, क्योंकि इस राहत के कारण बजट लक्ष्य 12.46 प्रतिशत रखा गया है। सीबीडीटी अध्यक्ष ने कहा कि इसका फायदा उठाने के लिए दो चीजें हैं। एक करदाता को रिटर्न फाइल करना होगा और फिर अगर रिफंड बनता है, तब वह व्यक्ति रिफंड ले सकता है। रिटर्न की संख्या लगभग वहीं रहेगी। यह लगभग 9 करोड़ होगी। पहले 7 लाख रुपये तक की आय पर छूट मिलती थी, अब यह 12 लाख रुपये तक हो गई है। इस बजट में डेढ़ करोड़ करदाताओं के लिए, जो इस श्रेणी (7 से 12 लाख रुपये) में थे, उनकी टैक्स देनदारी शून्य होगी। लाभ पाने वाले वास्तविक करदाताओं की संख्या करीब 3 करोड़ होगी।

# कार में पानी जाने से खराब हो सकता है इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंजन

**नई दिल्ली ।**

क्या आप जानते है कि कार में पानी जाने से इलेक्ट्रिकल सिस्टम, इंजन और अन्य जरूरी कंपोनेंट्स खराब हो सकते हैं, जिससे मरम्मत का भारी खर्च उठाना पड़ सकता है। कार के इंजन में कई इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट्स और वायरिंग होती हैं, जहां पानी जाने से शॉर्ट सर्किट का खतरा होता है। इससे पूरी इलेक्ट्रिकल प्रणाली फेल हो सकती है और कार की परफॉर्मेंस पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, इंजन के एयर इनटेक में पानी जाने से हाइड्रोलॉक जैसी गंभीर समस्या हो सकती है, जिससे इंजन पूरी तरह बंद हो सकता है और महंगी मरम्मत की जरूरत पड़ सकती है। फ्यूल टैंक के ढक्कन और फ्यूल फिलर के आसपास पानी चला जाए तो ईंधन में पानी मिल सकता है, जिससे इंजन के प्रदर्शन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसी तरह, आधुनिक कारों में लगे एबीएस सेंसर, पार्किंग सेंसर और रिवर्स कैमरा जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी पानी के कारण खराब हो सकते हैं, जिससे उनकी रिपेयरिंग का खर्च बढ़ सकता है। सस्पेंशन और ब्रेक सिस्टम पर पानी का ज्यादा संपर्क जंग लगने की समस्या पैदा कर सकता है, जिससे कार की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। वहीं, कार के इंटीरियर में पानी जाने से फर्श, सीट्स और डैशबोर्ड पर फंगस और बदबू की समस्या हो सकती है, जिससे सफाई और मरम्मत का अतिरिक्त खर्च बढ़ सकता है। इसलिए, कार धोते समय हमेशा सावधानी बरतनी चाहिए और संवेदनशील हिस्सों पर पानी जाने से बचना चाहिए ताकि आपकी कार लंबे समय तक बेहतरीन स्थिति में बनी रहे। बता दें कि कार की सही देखभाल उसके प्रदर्शन और जीवनकाल को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाती है।

# एपीएसईजेड ने जनवरी 2025 में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो हैंडल किए

## पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक

**अहमदाबाद ।**

अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने जनवरी 2025 में अब तक का सबसे अधिक 39.9 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) कार्गो हैंडल किए है। यह पिछले साल की तुलना में 13 फीसदी अधिक है। उपलब्धि में कंटेनर कार्गो में 32 फीसदी और तरल पदार्थ और गैस में 18 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। यह जानकारी एपीएसईजेड ने दी।

अदाणी समूह के प्रमुख बंदरगाह ने जनवरी 2025 में कुल 372.2 एमएमटी कार्गो हैंडल किया। यह सालाना आधार पर 20 फीसदी अधिक है। इसमें तरल पदार्थ और गैस की हैंडलिंग में भी 9 फीसदी की बढ़ोत्तरी है। कंपनी ने बताया कि विभिन्न कार्गो सेगमेंट में शानदार प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट्स को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी बंदरगाह के रूप पहचान दिखाई है। इसके अलावा मुंद्रा पोर्ट ने भी जनवरी में कई बड़ी उपलब्धियां हासिल की। कंपनी ने कहा, विभिन्न कार्गो सेगमेंट में रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन ने अदाणी पोर्ट को एक अग्रणी वैश्विक बंदरगाह और भारतीय अर्थव्यवस्था के इंजन के रूप में रेखांकित किया है। एपीएसईजेड मुंद्रा ने 17.20 मिलियन मीट्रिक टन कार्गो का मासिक रिकॉर्ड बनाया, जो समुद्री व्यापार के इतिहास में किसी भी भारतीय बंदरगाह द्वारा अब तक का सबसे अधिक है। इसके पहले का रिकॉर्ड 17.11 मिलियन मीट्रिक टन था, जिसे मुंद्रा पोर्ट ने खुद ही पार किया। कंटेनर कार्गो हैंडलिंग में भी मुंद्रा पोर्ट ने नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। मुंद्रा पोर्ट ने एक महीने में 7.72 लाख ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट (टीईयू) कंटेनर संभाले, जो पहले के रिकॉर्ड से कई अधिक है। कंपनी के अनुसार, यह उपलब्धि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में अदाणी पोर्ट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को दिखाती है। मुंद्रा पोर्ट की मरीन टीम ने 415 जहाजों को हैंडल किया, जो पिछले 406 जहाजों के रिकॉर्ड से अधिक है। जहाजों के मूवमेंट के बारे में बताए तब इस बार 884 मूवमेंट दर्ज किए गए, जबकि पिछला रिकॉर्ड 876 था। रेलवे डिवीजन ने भी शानदार प्रदर्शन किया। रेलवे एक महीने में 1.47 लाख टीईयू कंटेनर संभाले, जो पहले के 1.44 लाख टीईयू के रिकॉर्ड से अधिक है। रेलवे टीम ने 682 ट्रेनों को हैंडल कर नया रिकॉर्ड बनाया, जबकि पहले यह संख्या 662 थी।

# रतन टाटा के सबसे खास दोस्त शांतनु नायडू को मिली बड़ी जिम्मेदारी

## सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट में खुशी के साथ गम का भी किया इजहार



**नई दिल्ली।**

उद्योगपति रतन टाटा का निधन हुआ था तो उनका सबसे करीबी और खास दोस्त शांतनु नायडू अकेला रह गया था। अब उन्हें एक बडी जिम्मेदारी मिली तो खुशी के साथ-साथ उन्हें रतन टाटा के ना होने का अफसोस भी हुआ। दरअसल शांतनु को टाटा ग्रुप की ऑटो कंपनी टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर और स्ट्रैटजिक इनिशिएटिव्स का प्रमुख बनाया गया है। इस नई जिम्मेदारी को लेकर उन्होंने एक भावुक पोस्ट में उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय टाटा ग्रुप और अपने पिता को दिया। शांतनु नायडू ने लिखा-मुझे ये बताते हुए ख़ुशी हो रही है कि मैं टाटा मोटर्स में जनरल मैनेजर, हेड-स्ट्रेटेजिक इनिशिएटिव्स के रूप में नई जिम्मेदारी संभाल रहा हूं। मुझे याद है जब मेरे पिता सफेद शर्ट और नेवी ब्लू पेंट पहनकर टाटा मोटर्स प्लांट से घर आते थे, और मैं खिड़की से उनका इंतजार करता था। जिंदगी जहां से चली थी फिर वहीं आ गई। शांतनु रतन टाटा के निजी सचिव रह चुके हैं। रतन टाटा ने खुद शांतनु को फ़ोन कर कहा था कि आप जो करते हैं मैं उससे बहुत प्रभावित हूं, क्या मेरे असिस्टेंट बनोगे। शांतनु और टाटा कई सालों से एक साथ काम कर रहे थे। उम्र के अंतर के बावजूद दोनों की बॉन्डिंग काफी अच्छी थी। यह दोनों मिलकर सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त आवारा पशुओं की मदद के लिए काम करते थे। कहा जाता है कि रतन टाटा अपना पर्सनल निवेश जिन स्टार्टअप्स में करते हैं, उनके पीछे शांतनु का दिमाग होता था। यह भी जा रहा है कि शांतनु ने ही रतन टाटा को सोशल मीडिया से परिचित कराया था। उन्हें हैशटैग, ट्रेंड और इमोजी के बारे में सब कुछ सिखाया। अपनी किताब आई केम ओपन ए लाईटहाउस में शांतनु नायडू ने रतन टाटा के साथ अपनी दोस्ती के बारे में लिखा है। वहीं जब उनके दोस्त का निधन हुआ तो वह बिल्कुल टूट गए थे।

# 8वें वेतन आयोग लागू होते ही चपरासी से अधिकारी तक की होगी बल्ले-बल्ले

## सैलरी में 2.86 के फिटमेंट फैक्टर के आधार पर हो सकती है बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।**

पीएम नरेंद्र मोदी ने जनवरी 2025 में 8वें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी दी थी, जो 1 जनवरी 2026 से लागू होगी। इसके बाद देशभर के सरकारी कर्मचारियों की सैलरी में बढ़ोतरी हो जाएगी। विशेषज्ञों के मुताबिक 8वें वेतन आयोग में कर्मचारियों की सैलरी में 2.86 के फिटमेंट फैक्टर के आधार पर बढ़ सकती है। जैसे चपरासी और सपोर्ट स्टाफ कर्मचारियों की मौजूदा बेसिक सैलरी 18,000 रुपए है। 2.86 फिटमेंट फैक्टर से इनकी सैलरी बढ़कर 51,480 रुपए हो जाएगी, जो कि 33,480 रुपए की बढ़ोतरी होगी। वहीं लोअर डिविजन क्लर्क की सैलरी 19,900 रुपए है। इनकी सैलरी 56,914 रुपए हो जाएगी, जिसमें 37,014 रुपए की बढ़ोतरी होगी। पुलिस कॉन्स्टेबल और स्किल स्टाफ की मौजूदा सैलरी 21,700 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के बाद इनकी सैलरी 62,062 रुपए हो जाएगी, जो कि 40,362 रुपए बढ़ेगी। पुलिस स्टेनोग्राफर और जूनियर क्लर्क की सैलरी 25,500 रुपए है। इनकी सैलरी बढ़कर 72,930 रुपए हो जाएगी, जो कि 47,430 रुपए की वृद्धि होगी। सीनियर क्लर्क और हाई लेवल टेक्निकल ऑफिसर की मौजूदा सैलरी 29,200 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के लागू होने के बाद इनकी सैलरी 83,512 रुपए हो जाएगी, जिसमें 54,312 रुपए की बढ़ोतरी होगी। इंस्पेक्टर और सब-इंस्पेक्टर की सैलरी 35,400 रुपए है। 8वें वेतन आयोग के लागू होने पर इनकी सैलरी 1,01,244 रुपए हो जाएगी, जो कि 65,844 रुपए बढ़ेगी। वहीं सुपरिंटेंडेंट, सेक्शन ऑफिसर और असिस्टेंट इंजीनियर की मौजूदा सैलरी 44,900 रुपए है। इनकी सैलरी 1,28,414 रुपए हो जाएगी, जिसमें 83,514 रुपए की बढ़ोतरी होगी।

# मर्सिडीज की 1954 मॉडल रेसिंग कार ने बनाया रिकॉर्ड, नीलामी में 460 करोड़ में बिकी

**वर्लिन ।**

मर्सिडीज की 1954 मॉडल रेसिंग कार ने नीलामी में एक नया रिकॉर्ड बनाया है। यह ऐतिहासिक ग्रां प्री कार 460 करोड़ में नीलाम हुई, जिससे यह अब तक की सबसे महंगी बिकने वाली रेसिंग कार बनी है।

### क्यों खास है यह मर्सिडीज रेसिंग कार?

नीलामी में बनाया रिकॉर्ड- यह कार एक अज्ञात खरीदार ने खरीदी, जिसकी पहचान उजागर नहीं की गई है। इसके पहले 2013 में एफ1 कार मॅकलारेन एमपी 4/4 करीब 140 करोड़ में बिकी थी, लेकिन अब इस मर्सिडीज ने नया रिकॉर्ड बनाया है। मर्सिडीज-बेंज डब्ल्यू 196 को 1954-55 में ग्रां प्री रेसिंग के लिए बनाया गया था। इस कार ने जर्मनी, स्विट्जरलैंड और इटली जैसी प्रतिष्ठित रेसों में जीत दर्ज की थी। यह मर्सिडीज के लिए उस दौर में एक नई तकनीकी क्रांति लेकर आई थी। इस ऐतिहासिक नीलामी से साफ है कि विंटेज रेसिंग कारों की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और ये ऑटोमोबाइल प्रेमियों के लिए बेहद कीमती धरोहर बनती जा रही हैं।



# क्रिप्टो की कमाई को छुपाने पर 60 फीसदी टैक्स और 50 फ़ीसदी जुर्माना

**नई दिल्ली ।** 2025 के केंद्रीय बजट में क्रिप्टो करेंसी के निवेशकों को बड़ा झटका लगा है। बजट में क्रिप्टो से होने वाली आय पर मौजूदा टेक्स को बरकरार रखा गया है। क्रिप्टो के ट्रांजैक्शन में सरकार निगाह रखेगी। क्रिप्टो के किसी भी निवेशक ने यदि अपनी जानकारी छुपाई,ऐसी स्थिति पर उनके ऊपर 60 फ़ीसदी टैक्स और 50 फ़ीसदी जुर्माना लगाने का प्रावधान किया गया है।

# मारुति सुजुकी ने की 2,12,251 यूनिट्स की बिक्री

**नई दिल्ली ।** मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने जनवरी 2025 में 2,12,251 यूनिट्स की बिक्री कर अपनी अब तक की सबसे अधिक मासिक सेल दर्ज की। यह आंकड़ा जनवरी 2024 में बेची गई 1,99,364 यूनिट्स से ज्यादा है, जिससे कंपनी ने सालाना आधार पर ग्रोथ दर्ज की। हालांकि, छोटी कारों के सेगमेंट में गिरावट देखी गई। ऑल्टो और एस-प्रेसो जैसी कारों की बिक्री में कमी आई, जिससे यह आंकड़ा जनवरी 2024 में 15,849 यूनिट्स से घटकर 14,247 यूनिट्स रह गया। इस सेगमेंट की वायटीडी सेल भी गिरकर 1,03,889 यूनिट्स पर आ गई, जो पिछले साल इसी अवधि में 1,15,483 यूनिट्स थी। दूसरी ओर, बलेनो, सेलेरियो और डिजायर जैसी कॉम्पैक्ट कारों की बिक्री में वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी 2024 में 76,533 यूनिट्स बिकी थीं, जो बढ़कर 82,241 यूनिट्स हो गई। हालांकि, इस सेगमेंट की वायटीडी सेल पिछले साल 6,86,544 यूनिट्स के मुकाबले घटकर 6,30,889 यूनिट्स रह गई। मारुति की सेडान सियाज़ की मांग में भी इजाफा हुआ। जनवरी 2024 में 363 यूनिट्स की बिक्री हुई थी, जो जनवरी 2025 में बढ़कर 768 यूनिट्स हो गई। वहीं, मारुति ईको की बिक्री जनवरी 2024 में 12,019 यूनिट्स थी, जो जनवरी 2025 में घटकर 11,250 यूनिट्स रह गई। कुल मिलाकर, जनवरी 2025 में मारुति सुजुकी की पैसेंजर व्हीकल्स की घरेलू बिक्री 1,73,599 यूनिट्स रही, जबकि वायटीडी आधार पर 14,49,233 यूनिट्स दर्ज की गई, जिससे कंपनी ने शानदार ग्रोथ हासिल की।हालांकि, वायटीडी सेल घटकर 6,629 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल यह 9,266 यूनिट्स थी। यूटिलिटी वाहनों की मजबूत मांग ने कंपनी की कुल बिक्री में बड़ा योगदान दिया। जनवरी 2025 में इस सेगमेंट में 65,093 यूनिट्स बिकीं।

# अब एटीएम से बार-बार कैश निकालने वालों को देनी होगी ज्यादा फीस

## आरबीआई एटीएम चार्ज और इंटरचेंज फीस बढ़ाने पर कर रहा विचार

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) एटीएम से कैश निकालने वाले लोगों के लिए बदलाव करने की तैयारी कर रहा है। अब एटीएम से कैश निकालना महंगा हो सकता है क्योंकि आरबीआई एटीएम इंटरचेंज फीस और मुफ्त निकासी की सीमा के बाद लगने वाले चार्ज बढ़ाने पर विचार कर रहा है। रिजर्व बैंक मौजूदा समय में महीने में 5 कैश विथड्रावल फ्री देता था लेकिन अब आरबीआई इन 5 लेनदेन की लिमिट से ज्यादा पर लगने वाले चार्ज और एटीएम इंटरचेंज फीस को बढ़ाने की प्लानिंग कर रहा है। एक रिपोर्ट में जानकारी रखने वाले लोगों का हवाला देते हुए बताया गया कि एनपीसीआई ने पांच बार फ्री लिमिट पूरी होने के बाद कैश निकालने के चार्ज को मौजूदा चार्ज 21 रुपए से बढ़ाकर 22 रुपए करने की सिफारिश की है। इसके अलावा एनपीसीआई ने कैश लेनदेन के लिए एटीएम इंटरचेंज फीस को 17 रुपए से बढ़ाकर 19 रुपए करने की भी सिफारिश की गई है। इंटरचेंज फीस दूसरे बैंक के एटीएम से एक लिमिट के बाद पैसे निकालने पर लगाई जाती है यानी कि यह एटीएम सर्विस इस्तेमाल करने के बदले एक बैंक की तरफ से दूसरे बैंक को दी जाने वाली फीस है। रिपोर्ट के मुताबिक बैंक और व्हाइट-लेबल एटीएम ऑपरेटर मेट्रो और नॉन-मेट्रो शहरों में फीस बढ़ाने की एनपीसीआई की सिफारिश से सहमत हैं लेकिन अभी इस मामले में भारतीय रिजर्व बैंक और एनपीसीआई ने कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है। रिपोर्ट के मुताबिक बढ़ती महंगाई और पिछले दो सालों में 1.5-2 फीसदी की दर से बढ़ते उधार लागत, ट्रांसपोर्टेशन पर ज्यादा खर्च, कैश रीप्लेनिशमेंट और लागत के कारण नॉन-मेट्रो शहरों में एटीएम चलाने का खर्चा तेजी से बढ़ रहा है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 312.53 अंकों या 0.40 फीसदी की गिरावट के साथ ही 78,271.28 पर बंद हुआ। दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स ने 78,735.41 के उच्चतम स्तर और 78,226.26 के निचले स्तर पर पहुंचा।

वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 42.95 अंक तकरीबन 0.18 फीसदी नीचे आकर 23,696.30 पर बंद हुआ।

निफ्टी के 25 शेयर नुकसान के साथ ही आज लाल निशान में बंद हुए। इनमें एशियन पेंट्स, टाइटन कंपनी, नेस्ले इंडिया, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज और टाटा कंज्यूमर शामिल रहे, जिनमें सबसे अधिक 3.40 फीसदी तक की गिरावट देखी गई जबकि ओएनजीसी, हिंदाल्को, अपोलो हॉस्पिटल्स और बीपीसीएल सबसे अधिक लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। इनमें 2.90

फीसदी तक की बढ़त दर्ज की गयी।

बेंचमार्क इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया, जहां स्मॉल-कैप शेयरों में सबसे ज्यादा बढ़त




रही। वहीं निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स 1.85 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ, जबकि निफ्टी मिडकैप100 इंडेक्स ने 0.68 फीसदी की बढ़त दर्ज की। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स भी अधिकतर लाभ के साथ ही ऊपर आकर बंद हुए। एफएमसीजी, रियल्टी, ऑटो और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स 1.75 फीसदी तक की गिरावट रहीए। दूसरी ओर अन्य सेक्टर्स में निफ्टी पीएसयू बैंक, मेटल, ओएमसी और मीडिया इंडेक्स एक फीसदी से अधिक की बढ़त रही। वहीं गत दिवस बाजार भारी तेजी के साथ बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की सकारात्मक शुरुआत हुई। वहीं आज एशियाई बाजारों की कमजोर शुरुआत रही। सेंसेक्स और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी अभी 27 सितंबर के अपने रिकॉर्ड हाई लेवल से तकरीबन 8.6 फीसदी और 9.7 फीसदी नीचे हैं। ये आंकड़े विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली के साथ-साथ धीमी आर्थिक और कंपनियों के तिमाही परिणामों से प्रभावित हुए है। अमेरिकी शेयरों में तेजी के बाद बुधवार को एशिआई बाजारों में भी तेजी रही।

# अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने लांच की एफ77 सुपरस्ट्रीट बाइक

**नई दिल्ली ।** भारत में दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी अल्ट्रावॉयलेट ऑटोमोटिव ने अपनी एफ77 सुपरस्ट्रीट इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल लांच की है जिसकी शुरुआती कीमत 2.99 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल एफ77 मैक 2 की तरह दो वेरिएंट में आती है - स्टैंडर्ड और रिकॉन। नई इलेक्ट्रिक बाइक के लिए बुकिंग आज से शुरू हो रही है, और डिलीवरी मार्च 2025 में शुरू होगी। इसके रेंज 211 किमी और टॉप स्पीड 151 केएमपीएच है। एफ77 सुपरस्ट्रीट के स्टैंडर्ड वेरिएंट की कीमत 2,99,000 रुपये है, जबकि रिकॉन वेरिएंट की कीमत 3,99,000 रुपये है। दोनों कीमतें शुरुआती और एक्स-शोरूम हैं। नई इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को आप कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट के जरिए बुक कर सकते हैं। यह टर्बो रेड, आफ्टरबर्नर येलो, स्टेलर व्हाइट और कॉस्मिक ब्लैक में उपलब्ध है। इलेक्ट्रिक बाइक सिंगल-पीस हैंडलबार के साथ आती है जो मैक 2 की तुलना में चौड़ी और ऊंची है। इसके अलावा,अपराइट राइडिंग को ज्यादा कंफर्टेबल बनाने के लिए फुटपेग की पोजीशन में भी बदलाव किया गया है।अल्ट्रावायलेट एफ77 सुपरस्ट्रीट को बेहतर राइडिंग एर्गोनॉमिक्स के साथ लॉन्च किया गया है। इसका मतलब है कि नई लॉन्च की गई मोटरसाइकिल में अपराइट राइडिंग पोजीशन दी गई है जो सिटी कम्यूट और शार्ट राइड्स को आरामदायक बनाती है।

# दालों में आत्मनिर्भर बनेगा भारत, 2029 तक आयात खत्म करने के लिए 1 हजार करोड़ होंगे खर्च

**नई दिल्ली।**

भारत को दालों की आपूर्ती के लिए किसी देश की तरफ नहीं देखना पड़ेगा। 2029 तक दालों के मामले में भारत आत्म निर्भर हो जाएगा। इसके लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने एक हजार करोड़ का प्रावधान किया है। निर्मला सीतारमण ने कहा, हमारी सरकार अब दलहन में आत्मनिर्भरता के लिए छह साल का मिशन शुरू करेगी। जिसमें तुअर (अरहर), उड़द और मसूर की दाल की पैदावार पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। भारत मुख्य रूप से कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, म्यांमार, मोजाम्बिक, तंजानिया, सूडान और मलावी से दालों का आयात करता है। इसके लिए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक लक्ष्य दिया गया है। लक्ष्य यह है कि साल 2029 तक देश में दालों की मांग को पूरा करने के लिए आयात पर भारत की निर्भरता को खत्म करना है। 2025-26 के केंद्रीय बजट में इस योजना के लिए 1,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इस पैसे से तीन दलहन फसलों के संबंध में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) आधारित खरीद और भंडारण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

पिछले साल 4 जनवरी को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य घोषित किया था कि भारत 2028-29 तक दालों का आयात बंद कर देगा। अमित शाह ने नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नेफेड) द्वारा तुअर (अरहर) खरीदने के कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा था, दिसंबर 2027 तक देश को दालों के मामले में आत्मनिर्भर बनने की कोशिश करनी चाहिए। हम जनवरी 2028 से एक किलो दाल भी आयात नहीं करेंगे। पिछले साल अल नीनो मौसमी पैटर्न के कारण दालों की कीमतें बढ़ गईं, जो अधिकांश भारतीयों के लिए प्रोटीन का एक सामान्य सोर्स है। जबकि 2015-16 के बाद से कुल घरेलू उत्पादन में 37 फीसदी की वृद्धि हुई है, जिससे भारत को पहले ही आयात में कटौती करने में मदद मिली है।

फिर भी, दालों में आत्मनिर्भरता का लक्ष्य हासिल नहीं हो पाया है, जिससे कीमतें ऊंची बनी हुई हैं। प्रोटीन आधारित दालों की कीमतों में तेजी इंफ्लेशन और घरेलू खर्च बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कारण हो सकती है। पिछले साल दालों में इंफ्लेशन लगभग 17 फीसदी बढ़ी, जिसका मुख्य कारण लगातार दो सालों से खराब मौसम और खराब मानसून के कारण कम उत्पादन था।

# लोगों के सिर पर चढ़ा म्युचुअल फंड का जादू, पिछले 10 वर्षों में ही कारोबार 6 गुना बढ़ा

मुंबई । भारत में म्युचुअल फंड का क्रेज तेजी से बढ़ रहा है। पिछले 10 वर्षों में ही म्युचुअल फंड कारोबार 6 गुना से ज्यादा बढ़ी है। इसका एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) दिसंबर 2024 में 67 लाख करोड़ तक पहुंच गया। रिपोर्ट के अनुसार, इस ग्रोथ में इक्विटी फंड्स का दबदबा कायम रहा, जो कुल एयूएम का 60.19 प्रतिशत है। दिसंबर तिमाही में म्युचुअल फंड्स में 198 हजार करोड़ का नेट इनफ्लो आया, जिसमें सक्रिय इक्विटी और फ्लेक्सी कैप फंड्स प्रमुख रहे। रिपोर्ट के अनुसार, भारत की एसेट मैनेजमेंट इंडस्ट्री ने पिछले 10 वर्षों में 6 गुना से अधिक की शानदार वृद्धि दर्ज की है। दिसंबर 2014 में जहां इसका एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 10.51 लाख करोड़ था, वह दिसंबर 2024 तक बढ़कर 66.93 लाख करोड़ पर पहुंच गया है। रिपोर्ट में बताया गया है कि कुल एसेट्स अंडर मैनेजमेंट (एएमयू) में सबसे बड़ा हिस्सा 60.19 प्रतिशत के साथ इक्विटी फंड्स का है। इसके बाद 26.77 प्रतिशत डेट फंड्स में, 8.58 प्रतिशत हाइब्रिड फंड्स में और 4.45 प्रतिशत अन्य निवेश विकल्पों में है। इन आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि निवेशकों की पहली पसंद अभी भी इक्विटी फंड्स बने हुए हैं। दिसंबर तिमाही में म्युचुअल फंड इंडस्ट्री ने 198 हजार करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश दर्ज किया, जिसमें सबसे अधिक योगदान इक्विटी फंड्स का रहा, खासतौर पर एक्टिव सेगमेंट में।

# उत्साहित भारतीय टीम जीत के इरादे से उतरेगी

## इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करना चाहेगा भारत




**नागपुर, एजेंसी।** भारतीय टीम गुरुवार से यहां इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए उचित टीम संयोजन तैयार करना चाहेगा जिसमें कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की फॉर्म और फिटनेस पर भी नजर रहेगी।

कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे खिलाड़ी पिछले कुछ समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे हैं और उनके प्रदर्शन पर सभी की निगाह रहेगी।

यह दोनों स्टार खिलाड़ी पिछले महीने रणजी ट्रॉफी में भी खेले थे लेकिन उसमें भी असफलता ही उनके हाथ लगी थी। अब वह उस प्रारूप में वापसी करेंगे जिसमें उन्होंने वर्षों तक अपना दबदबा बनाए रखा था।

इन दोनों खिलाड़ियों ने वनडे विश्व कप 2023 में अच्छा प्रदर्शन किया था। कोहली ने जहां इस टूर्नामेंट में 765 रन बनाए थे वहीं रोहित ने 597 रन का योगदान दिया था।

विश्व कप के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हारने के बाद यह दोनों खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ तीन मैच की वनडे श्रृंखला में खेले थे। रोहित ने इस श्रृंखला में दो अर्धशतक लगाए थे जबकि कोहली कोई खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

इन दोनों का लचर प्रदर्शन टेस्ट क्रिकेट में भी जा रहा जिससे उनके भविष्य को लेकर अटकलबाजी शुरू हो गई।

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला पाकिस्तान और दुबई में 19 फरवरी से शुरू वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले भारत की अंतिम प्रतियोगिता होगी जो टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप से संन्यास लेने वाले रोहित और कोहली के करियर के लिए भी निर्णायक साबित होगी।

भारतीय टीम के लिए कुछ खिलाड़ियों की फॉर्म ही चिंता का विषय नहीं है, उसे इस पर भी काफी माथापच्ची करनी होगी कि ऋषभ पंत और केएल राहुल में से विकेटकीपर की भूमिका कौन निभाएगा।

रोहित और उप कप्तान शुभमन गिल पारी की शुरुआत करेंगे। उनके बाद कोहली और श्रेयस अय्यर उतरेंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज को पांचवें नंबर पर उतारा जा सकता है। इसके बाद हार्दिक पंड्या का नंबर आता है।

पंत की अनुपस्थिति में वनडे विश्व कप 2023 में राहुल ने विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली थी तथा उन्होंने 452 रन बनाए थे। उनकी उपस्थिति में टीम का अच्छा संतुलन बना लेकिन बीच के ओवरों में लगातार स्ट्राइक रोटेट करने में उनकी नाकामी चिंता का विषय होगी।

भारतीय बल्लेबाजी क्रम में दाएं हाथ के बल्लेबाजों की भरमार है और ऐसे में पंत बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के कारण उसमें विविधता लाते हैं। वह आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हैं और ऐसे में वह टीम के लिए तुरुप का इक्का साबित हो सकते हैं।

भारतीय टीम प्रबंधन इन दोनों के साथ उतर सकता है लेकिन ऐसे में अय्यर को बाहर बैठना पड़ेगा जो उपयोगी योगदान देते रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और स्पिनर कुलदीप यादव को भी मैच अभ्यास का मौका मिलेगा। यह दोनों चोट से उबर कर वापसी कर रहे हैं।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पीठ की चोट के कारण इस श्रृंखला में नहीं खेल रहे हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के कारण स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्हें यहां वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है और वह अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में शामिल होने का मजबूत दावा पेश कर सकते हैं।

टीम प्रबंधन को स्पिन ऑलराउंडर के लिए भी कड़ा फैसला करना होगा। इस स्थान के लिए रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल और वाशिंगटन सुंदर दावेदार हैं। जडेजा ने वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल के बाद इस प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है।

इंग्लैंड भी चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उचित टीम संयोजन तैयार करने पर ध्यान देगा। उसे आईसीसी टूर्नामेंट से पहले अपनी कमजोरियों को जल्द से जल्द दूर करना होगा। उसे इस श्रृंखला से पहले ऑस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे श्रृंखला में हार का सामना करना पड़ा था।

इंग्लैंड की टीम में जो रूट को छोड़कर अधिकतर वही बल्लेबाज हैं जिन्हें टी20 श्रृंखला में रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था।

# पार्ल रॉयल्स को हराकर मुंबई इंडियंस केपटाउन पहली बार एसए20 फाइनल में



**गक्बेरहा, एजेंसी।** पिछले दो सत्र में शर्मनाक प्रदर्शन के बाद इस बार अपने शानदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए मुंबई इंडियंस केपटाउन ने पार्ल रॉयल्स को पहले क्वालीफायर में 39 रन से हराकर पहली बार एसए20 लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया।

फाइनल शनिवार को वांडरर्स पर खेला जायेगा जबकि पार्ल रॉयल्स बृहस्पतिवार को दूसरा क्वालीफायर खेलेगी जिसमें उसका सामना दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जोबर्ग सुपर किंग्स के बीच होने वाले एलिमिनेटर के विजेता से होगा।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर एमआई केपटाउन ने फॉर्म में चल रहे रासी वान डेर डुसेन (32 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 रन और रियान रिकेलटन (27 गेंद में चार चौकों और दो छक्कों के साथ 44) की शानदार पारियों के दम पर चार विकेट पर 199 रन बनाये। दोनों ने पावरप्ले के पहले छह ओवर में 66 रन जोड़े।

जवाब में रॉयल्स की टीम 19.4 ओवर में 160 रन पर आउट हो गई।मुंबई की यह लगातार पांचवीं जीत थी जबकि रॉयल्स की हार की हैट्रिक रही।

रॉयल्स के गेंदबाज क्वेना मफाका ने चौथे ओवर में 15 और ब्योर्न फोर्चून ने अगले ओवर में बीस रन दे डाले। रॉयल्स के कप्तान मिलर ने सातवें ओवर में वेलालागे को गेंद सौंपी जिन्हें सफलता भी मिल जाती लेकिन मुजीबुर रहमान ने 33 के स्कोर पर रिकेलटन का कैच छोड़ा।

डायान गेलेन ने 87 रन की इस साझेदारी को तोड़ा जब उनकी गेंद पर वान डेर डुसेन ने मिडआफ में मिलर को आसान कैच थमाया। अगले ओवर में वेलालागे ने रिकेलटन को सीमारेखा पर ओवेन के हाथों लपकवाया।

एमआई केपटाउन ने छह रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिये और स्कोर बिना किसी नुकसान के 87 रन से तीन विकेट पर 93 रन हो गया। जॉर्ज लिंडे और डेवाल्ड ब्रेविस ने हालांकि टीम की पकड़ बनाये रखी और सिर्फ 32 गेंद में 74 रन की साझेदारी करके सेंट जॉर्ज पार्क पर इस सत्र में टीम को सबसे बड़ा स्कोर दिया। डेलानो पोटगीटेर ने 17 गेंद में नाबाद 32 रन बनाये।

रॉयल्स की शुरूआत अच्छी रही और लुआन ड्रे प्रिटोरियस ने मिचेल ओवेन के साथ ट्रेंट बोल्ट के पहले ओवर में 21 रन बनाये। कैगिसो रबाडा ने हालांकि प्रिटोरियस (छह गेंद में 15 रन) को जल्दी आउट करके रॉयल्स को करारा झटका दिया।

इसके बाद से सिर्फ मिलर ही कुछ देर टिककर खेल सके जिन्होंने 26 गेंद में 45 रन बनाये। आईपीएल के पूर्व स्टार दिनेश कार्तिक ने भी 31 रन का योगदान दिया लेकिन बाकी बल्लेबाज फिर नाकाम रहे।

एमआई केपटाउन के कप्तान राशिद खान ने वेलालागे को क्लीन बोल्ड किया और वह टी20 क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हो गए। उन्होंने वेस्टइंडीज के ड्वेन ब्रावो के 631 विकेट को पीछे छोड़ दिया।

एमआई केपटाउन के स्टार तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने जीत के बाद कहा, ''दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने भी इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। यह सफलता टीम प्रयासों का ही नतीजा है।

## संक्षिप्त

### सूर्यकुमार के एक ही प्रकार से आउट होने पर भड़के अश्विन

चेन्नई, एजेंसी। हाल में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहने वाले स्पिनर आर अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में खराब शॉट लगाकर विकेट गंवाने के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव की आलोचना की है। अश्विन ने कहा कि सूर्या की कप्तानी अच्छी थी पर उनकी बल्लेबाजी चिन्ता का कारण रही। वह सीरीज की पांच पारियों में केवल 28 रन ही बना पाये। पूरी सीरीज में सूर्यकुमार फ्लिक शॉट खेलने के प्रयास में आउट हुए जबकि ये उनका पसंदीदा शॉट है। इसी प्रकार बल्लेबाज संजू सैमसन का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा। वह भी सभी पारियों में नाकाम रहे। सेमसन जोफ्रा आर्चर, मार्क वुड और ब्रायडन कार्स की गेंदों के सामने टिक नहीं पाये। अश्विन ने कहा कि समस्या सूर्यकुमार की बल्लेबाजी है। बेशक इस सीरीज में उनकी कप्तानी अच्छी थी पर उनके लिए रन बनाने भी जरुरी थी। सूर्या और सैमसन एक ही गेंद पर आउट हो रहे हैं। एक या दो मैचों में माना जा सकता है कि वह गलती है पर सभी मैचों में इसी प्रकार आउट होना चिन्ता की बात है। खिलाड़ियों को अपने अनुसार खेलना चाहिए पर उन्हें अपनी जिम्मेदारी भी निभानी होगी। सूर्या की तरह ही सैमसन भी सभी मैचों में विफल रहे और इसी कारण अब उनकी टीम में जगह भी खतरे में पड़ गयी है।

### पाक के साथ मुकाबले में भारतीय टीम प्रबल दावेदार रहेगी : बासित

कराची, एजेंसी। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने कहा है कि 23 फरवरी को दुबई में होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी मैच में भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार रहेगी। भारत और पाक के बीच होने वाले इस मुकाबले का प्रशंसक बेसब्री इंतजार कर रहें हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी में हालांकि पाकिस्तान का पलड़ा भारी रहा है। बासित का कहना है कि भारतीय टीम के पास पाक से कहीं अधिक अनुभव है। बासित ने कहा, 70 फीसदी भारत और 30 फीसदी पाक जीत का दावेदार रहेगा। इसका कारण है कि भारत के पास अधिक अनुभवी टीम है। वहीं अगर भारतीय टीम के स्टार खिलाड़ी विराट कोहली और कप्तान रोहित फॉर्म में नहीं रहे तो मुकाबला बराबरी पर आ जाएगा। चैम्पियंस ट्रॉफी 2017 में अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान ने फाइनल में भारत को 180 रनों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की थी। आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में 15 मैच होंगे और ये मैच पाकिस्तान और दुबई में खेले जाएंगे। टूर्नामेंट की तैयारी के लिए दोनों टीमें अपने-अपने अभियान शुरू करने से पहले एकदिवसीय सीरीज खेल रही है। भारतीय टीम जहां इंग्लैंड से तीन मैचों की सीरीज खेल रही है।

### द्रविड़ की कार को ऑटो ने मारी टक्कर, भड़के पूर्व कप्तान

बेंगलुरु, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कोच रहे राहुल द्रविड की कार को टक्कर मारे जाने का एक मामला सामना आये है। द्रविड़ की कार को एक ऑटो-रिक्शा ने टक्कर मारी थी। इससे आम तौर पर शांत रहने वाले द्रविड़ गुस्से में आ गये। द्रविड़ का ये गुस्से वाला रुप देखकर लोग हैरान रह गये। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इसमें द्रविड़ ऑटो ड्राइवर से गुस्से में बात करते हुए दिख रहे हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार द्रविड़ की कार को एक मालवाहक ऑटो ने टक्कर मार दी हालांकि यह बात साफ नहीं हो पाई है कि द्रविड़ गाड़ी स्वयं चला रहे थे या उनके साथ ड्राइवर था। ये मामला बेंगलुरु के व्यस्त इलाके कनिंघम रोड का है। इस दौरान ऑटो चालक ने ट्रैफिक में फंसी द्रविड़ की कार को पीछे से टक्कर मारी। द्रविड़ ने ऑटो चालक का संपर्क नंबर और ऑटो का रजिस्ट्रेशन नंबर नोट किया और फिर वहां से चले गए। घटना के बारे में और जानकारी अभी सामने आनी बाकी है। यह घटना शाम 6:30 बजे के आसपास हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि दुर्घटना के संबंध में कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### सिमोना हालेप ने टेनिस को अलविदा कहा

बुखारेस्ट (रोमानिया), एजेंसी। दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप ने मंगलवार को अपने गृह देश रोमानिया में एक टूर्नामेंट के पहले दौर में हार के बाद 33 साल की उम्र में टेनिस से संन्यास की घोषणा की।

हालेप ने रोमानिया के क्लुज में ट्रांसिल्वेनिया ओपन में लूसिया ब्रॉन्ज़ेटी से 6-1, 6-1 की हार के बाद दर्शकों को संबोधित करते हुए कहा, ''मैं नहीं जानती कि मैं दुख के साथ या खुशी के साथ यह घोषणा कर रही हूं। मुझे लगता है कि मैं दोनों को महसूस कर रही हूं लेकिन इस फैसले से मुझे शांति मिली है। मैं हमेशा यथार्थवादी रही हूं।'' उन्होंने कहा, ''मेरा शरीर अब पहले जैसा नहीं रहा। भले ही मेरा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन मैं आपके सामने खेलकर टेनिस को अलविदा कहना चाहती थी। हालेप 2017 में पहली बार विश्व रैंकिंग में नंबर एक पर पहुंची थी लेकिन अभी वह 870वें स्थान पर हैं।

# छत्तीसगढ़ में छह फरवरी से शुरु होगा लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में बलिदानी वीरनारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में लीजेंड 90 लीग टूर्नामेंट का आगाज 6 फरवरी को होने जा रहा है। यह टूर्नामेंट 18 फरवरी तक चलेगा। वहीं आज बुधवार को 6 टीमों के 60 से अधिक खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। आईपीएल की तर्ज पर दर्शकों को ओपनिंग सेरेमनी देखने को मिलेगी, जिसमें तमन्ना भाटिया, आयुष्मान खुराना और हार्डी संधू धमाकेदार परफॉर्मेंस करेंगे। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग में देश-विदेश के दिग्गज क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आज बुधवार 6 फरवरी से पहले इन टीमों के दिग्गज खिलाड़ी रायपुर पहुंचेंगे। इन खिलाड़ियों की मौजूदगी क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा आकर्षण होगा। इस लीग में शामिल टीमों के नाम, उनके कप्तान और स्टार खिलाड़ी पहले ही चर्चा में आ चुके हैं, और सभी की नजरें इस रोमांचक टूर्नामेंट पर टिकी हुई हैं। वहींलीजेंड 90 लीग के लिए पिच को तैयार किया गया है।

मैदान के चारों और लाइट सिस्टम लगाया जा रहा है। लीग टूर्नामेंट से पहले व्यवस्था को बेहतर कर लिया गया है। दर्शकों के बैठने के लिए कई हजार नई सीटें लगाई गई है। लीजेंड्स 90 क्रिकेट लीग की ओपनिंग सेरेमनी भी बेहद खास होगी। इस आयोजन में फिल्म और संगीत जगत के मशहूर सितारे अपनी धमाकेदार परफॉर्मेंस देंगे। बॉलीवुड के स्टार अभिनेता आयुष्मान खुराना, खूबसूरत अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और पंजाबी सिंगर हार्डी संधू इस भव्य आयोजन में परफॉर्म करेंगे।

# हरियाणा बनाम मुंबई रणजी क्वार्टर फाइनल कोलकाता शिफ्ट




**मुंबई, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफ़ी क्वार्टर फाइनल के लिए मुंबई की रवानगी में देरी हो गई है क्योंकि उन्हें बीसीसीआई द्वारा आयोजन स्थल में देर से बदलाव की सूचना दी गई। टीम को बुधवार सुबह 5 फ़रवरी को लाहली पहुंचना था, जहां उन्हें शुक्रवार से हरियाणा से खेलना था। यह मैच अब कोलकाता में शिफ़्ट कर दिया गया है।

मंगलवार शाम को बोर्ड द्वारा सूचित किए जाने के बाद मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) अब टीम के लिए ज़ल्द से ज़ल्द कोलकाता के लिए उड़ान भरने की व्यवस्था करना चाहता है। इस मामले ने मेज़बान हरियाणा को भी आश्चर्यचकित कर दिया है क्योंकि बीसीसीआई ने देर से बदलाव के लिए कोई कारण नहीं बताया है।

मुंबई की तरह हरियाणा के भी बुधवार देर रात कोलकाता पहुंचने की उम्मीद है। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि लाहली में मौसम पिछले कुछ दिनों से साफ़ है और एसोसिएशन को बंसी लाल स्टेडियम में मैच की मेज़बानी करने का भरोसा था, जिसने इस सीज़न में अपने सभी तीन घरेलू मैचों की मेज़बानी की थी।

ईएसपीएन क्रिकइंफो ने इस मामले में हरियाणा क्रिकेट संघ के अधिकारियों से बात करने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने इस मामले पर कुछ भी कमेंट करने से मना कर दिया।

हरियाणा की तरह, जम्मू-कश्मीर को भी घरेलू मैदान पर खेलने का फ़ायदा नहीं मिलेगा क्योंकि केरल के ख़िलाफ़ क्वार्टर फ़ाइनल जम्मू से पुणे के स्टेडियम में शिफ़्ट कर दिया गया है। हालांकि, लाहली के विपरीत, पता चला है कि जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन (जेकेसीए) कड़ी सर्दियों के कारण मैदान की स्थिति को लेकर चिंतित था और उसने बीसीसीआई को इसके बारे में बता दिया था।

जेकेसीए मुंबई या अहमदाबाद में इस मैच की मेज़बानी करने का इच्छुक था, लेकिन ये दोनों जगह उपलब्ध नहीं थे, जिसके बाद मैच को पुणे में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

अन्यउ दो नॉकआउट मैच : विदर्भ बनाम तमिलनाडु और सौराष्ट्र बनाम गुजरात तय नियमानुसार क्रमशः नागपुर (सिविल लाइंस स्टेवडियम) और राजकोट (निरंजन शाह स्टे डियम) में खेले जाएंगे, जहां ग्रुप में शीर्ष रहने वाली टीम मेज़बानी करती है।

सात मैचों में छह आउटराइट जीत के कारण विदर्भ के 40 अंक इस सीज़न में ग्रुप चरण में किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक हैं।

# रूण, अल्काराज रोटर्डम में दूसरे दौर में पहुंचे



**रोटर्डम, एजेंसी।** शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ ने बुधवार (आईएसटी) को रोटर्डम ओपन में कड़ी टक्कर के साथ जीत हासिल करके पिछले साल यूएस ओपन में वैन डी ज़ैंड्सचुल्प से मिली हार का बदला ले लिया। स्पैनिश खिलाड़ी को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लेकिन उसने डच वाइल्डकार्ड ज़ैंड्सचुल्प के खिलाफ़ 7-6(3), 3-6, 6-1 से जीत हासिल कर इंडोर हार्ड-कोर्ट एटीपी 500 में दूसरे दौर में प्रवेश किया।

एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार अल्काराज़, जिन्हें पिछले साल यूएस ओपन में दूसरे दौर में डच खिलाड़ी ने चौंका दिया था, पूरे चुनौतीपूर्ण मुकाबले में अपनी लय को खोजने के लिए संघर्ष करते रहे। फिर भी 21 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना संयम वापस पाया और एक प्रभावशाली अंतिम सेट में आगे बढ़ते हुए दो घंटे, 33 मिनट की जीत दर्ज की।

16 टूर-लेवल खिताब जीतने के बावजूद, अल्काराज़ अभी तक इंडोर चैंपियनशिप मैच में नहीं पहुंच पाए हैं। अब उनका अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावस्सोरी या 2025 में दो बार खिताब जीतने वाले फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे से दूसरे दौर में होगा।

इसके अलावा, कुछ शारीरिक बाधाएं भी थीं, जो सर्दी के साथ रोटर्डम पहुंचे थे और सांस लेने में आसानी के लिए अपनी नाक पर टेप का एक टुकड़ा लगाकर खेले थे। स्पैनियार्ड ने कहा, ?मैं अभी भी 100 प्रतिशत फिट महसूस नहीं कर रहा हूं। इसके लिए मुझे कुछ और दिन चाहिए। लेकिन मानसिक रूप से मजबूत बने रहना ही सबसे बड़ी बात थी। और सौभाग्य से यह काम कर गया। इस लिहाज से यह प्रशंसकों के लिए भी एक शानदार मैच था।

दूसरी ओर, होल्गर रूण ने हाल ही में ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टर फाइनलिस्ट लोरेंजो सोनेगो को दो घंटे, 11 मिनट में 7-6(4), 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल रोटर्डम के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

पांचवें वरीय खिलाड़ी ने 2022 सीजन की शुरुआत के बाद से अपनी 44वीं इंडोर जीत हासिल की, जो फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे की 53 जीत के बाद दूसरे स्थान पर है।

# हरभजन ने अभिषेक को दी गेंदबाजी सुधारने की सलाह

**चंडीगढ़, एजेंसी।** भारतीय टीम के दिग्गज स्पिनर रहे हरभजन सिंह ने कहा है कि कि ऑलराउंडर अभिषेक शर्मा को अपनी गेंदबाजी को और बेहतर करना चाहिये। हरभजन के अनुसार अभिषेक आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए क्या कर सकते हैं ये सभी ने देखा है पर उन्हें अपने गेंदबाजी कौशल को निखारने पर काम करना होगा। हरभजन ने कहा कि अभिषेक के पास एक अच्छे स्पिनर बनने की सभी क्षमताएं है। ऐसे में गेंदबाजी कौशल को बढ़ाने से वह कई तरीकों से टीम के प्रति योगदान दे पायेंगे। हरभजन ने बातें मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में अभिषेक की पारी को देखकर कही हैं। उस मैच में अभिषेक ने अपनी पारी 13 छक्के और सात चौके लाकर 135 रन बनाये थे। वहीं गेंदबाजी करते हुए दो विकेट भी लिए थे जिससे भारतीय टीम बड़ी जीत दर्ज करने में सफल रही। अपने शुरुआती टी20 करियर में अभिषेक ने अब तक 19 ओवर में 6 विकेट लिए हैं। हरभजन ने कहा कि मैं अभिषेक को कुछ और गेंदबाजी करते देखना चाहता हूं। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है। जब मैंने उसे अपने करियर की शुरुआत में देखा, तो मैंने देखा कि उसकी सीम स्थिति उत्कृष्ट थी। हालांकि, वह अपनी गेंदबाजी में उतना प्रयास नहीं करता जितना उसे करना चाहिये।

**नियुक्ती**

## गुजरात जायंट्स की कप्तानी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है : एश्ले गार्डनर

# बेथ मूनी की जगह एश्ले गार्डनर गुजरात जायंट्स की कप्तान बनीं




**नई दिल्ली, एजेंसी।** महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के 2025 सीजन से पहले, गुजरात जायंट्स ने ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एश्ले गार्डनर को अपना कप्तान नियुक्त किया है। वह अपनी ऑस्ट्रेलियाई साथी बेथ मूनी की जगह लेंगी, जिन्होंने डब्ल्यूपीएल 2024 में गुजरात की कप्तानी की थी।

गुजरात डब्ल्यूपीएल के पहले दो सीजन में अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी और अब वह 14 फरवरी को वडोदरा में गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपने डब्ल्यूपीएल 2025 सीजन की शुरुआत में अपनी किस्मत बदलने की कोशिश कर रही है। "गुजरात जायंट्स की कप्तानी मिलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मुझे इस टीम का हिस्सा बनना बहुत पसंद है और मैं आगामी सीजन में इस शानदार ग्रुप का नेतृत्व करने के लिए उत्साहित हूं।

फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में एश्ले ने कहा, हमारे पास युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का एक बेहतरीन मिश्रण है और हमारी टीम में बहुत सारी भारतीय प्रतिभाएं हैं। मैं टीम के साथ काम करने और अपने प्रशंसकों को गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हूं। एश्ले 2017 से ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ नियमित रूप से जुड़ी हुई हैं और दो बार बेलिंडा क्लार्क पुरस्कार विजेता हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और दक्षिण अफ्रीका में 2023 महिला टी20 विश्व कप में प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट रहीं।

2023 में डब्ल्यूपीएल की शुरुआत के बाद से, एश्ले गुजरात जायंट्स की टीम का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं, उन्होंने 324 रन बनाए हैं और 17 विकेट लिए हैं। मुख्य कोच माइकल क्लिंगर ने एश्ले के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया और पिछले सीज़न में टीम की कप्तान होने के लिए बेथ को धन्यवाद दिया। वह एक ज़बरदस्त प्रतियोगी हैं। उनकी खेल जागरूकता, सामरिक कौशल और खिलाड़ियों को प्रेरित करने की क्षमता उन्हें गुजरात जायंट्स की कप्तानी के लिए आदर्श विकल्प बनाती है। हमारा मानना है कि वह आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगी और टीम को सफल अभियान की ओर ले जाएंगी। "मैं मूनी को उनके अत्यधिक मूल्यवान नेतृत्व के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा। अब, वह विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी लाइनअप पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी। वह हमारे समूह की एक प्रमुख लीडर बनी हुई हैं।"

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के मुख्य व्यवसाय अधिकारी संजय अडेसरा ने कहा, "गार्डनर अपने समर्पण, कौशल और नेतृत्व के साथ गुजरात जायंट्स की भावना का प्रतीक हैं। कप्तान के रूप में उनकी नियुक्ति एक विश्व स्तरीय टीम बनाने की हमारी प्रतिबद्धता को दोहराती है जो उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करती है। हमें विश्वास है कि उनकी कप्तानी में टीम डब्ल्यूपीएल में शानदार प्रदर्शन करेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल 2025 टीमः एश्ले गार्डनर (कप्तान), बेथ मूनी, दयालन हेमलता, हरलीन देयोल, लौरा वोल्वार्ट, शबनम शकील, तनुजा कंवर, फोबे लिचफील्ड, मेघना सिंह, काशवी गौतम, प्रिया मिश्रा, मन्नत कश्यप, भारती फुलमाली, सयाली सतघरे, डींड्रा डॉटिन, सिमरन शेख, डेनिएल गिब्सन और प्रकाशिका नाइक।



# ‘तेरे इश्क में’ में मुख्य भूमिका निभाएंगी कृति सेनन

अविस्मरणीय रांझणा (2013) के बाद, पावरहाउस तिकड़ी– आनंद एल राय, धनुष और ए.आर. रहमान– एकतरफा प्यार की एक और भावनात्मक प्रेम कहानी लेकर फिर से साथ आ रहे हैं। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा निर्मित, यह फिल्म दर्शकों को भावनाओं के एक रोलरकोस्टर पर ले जाने का वादा करती है, जिसमें महान ए. आर. रहमान का शानदार साउंडट्रैक के साथ इरशाद कामिल के काव्यात्मक गीत हैं। अब सुर्खियों का केंद्र कृति सेनन है, जो हाल के सिनेमाई इतिहास की सबसे प्रतिष्ठित अभिनेत्रियों में से एक के रूप में दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। प्रशंसक एक भावनात्मक रोलर कोस्टर की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें सच्ची गहनता, परतदार कहानी और वे पल होंगे जो गहरी छाप छोड़ जाएंगे। इस उत्साह को बढ़ाते हुए फिल्म में कुछ शानदार और अविस्मरणीय डायलॉग हैं जो रांझणा की दुनिया से गहराई से जुड़े हुए हैं। ल ही में जारी प्रोमो में कृति सेनन को एक रहस्यमय अवतार में दिखाया गया है, जो उनके पात्र की गहराई, इंटेंसिटी और जटिलताओं को पूरी तरह से दर्शाता है। बेहद खूबसूरत धुन अविस्मरणीय संगीतमय यात्रा का वादा करती है। दिल को छूने वाले धनुष के पहले लुक के बाद, यह शानदार नया खुलासा तेरे इश्क में की प्रत्याशा और दिलचस्पी को बिल्कुल नए स्तर पर ले जाता है, जिससे प्रशंसक और भी अधिक उत्सुक हो गए हैं।

तेरे इश्क में, जो 2025 में फ्लोर पर आने के लिए तैयार है, रांझणा की दुनिया का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार, लालसा और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है। गुलशन कुमार, टी–सीरीज़ और कलर येलो उत्साहपूर्वक पेश करते हैं तेरे इश्क में, जिसे आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार के साथ प्रोड्यूस किया है। स फिल्म को आनंद एल राय ने डायरेक्ट किया है और हिमांशु शर्मा ने लिखा है। इसे ए.आर. रहमान ने म्यूजिक दिया है, और इसके गीत इरशाद कामिल ने दिए हैं। धनुष और कृति सेनन अभिनीत यह फिल्म 28 नवंबर 2025 को दुनिया भर में हिंदी और तमिल में रिलीज होने वाली है।



# सलमान-रश्मिका की फिर बनेगी जोड़ी, सिकंदर की रिलीज से पहले ही हाथ आई दूसरी फिल्म

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना सलमान खान की फिल्म ‘सिकंदर’ में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। वह विक्की कौशल के साथ ‘छावा’ में भी नजर आएंगी। हाल ही में इसका ट्रेलर भी रिलीज हुआ है। फैंस रश्मिका को सलमान खान के साथ ‘सिकंदर’ में देखने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस बीच फैंस की एक्साइटमेंट को बढ़ाने वाली खबर सामने आ रही है। आइए जानते हैं वह क्या अपडेट है?

## सलमान के साथ फिर बनेगी जोड़ी

एआर मुरुगादॉस निर्देशित ‘सिकंदर’ के बाद अभिनेत्री सलमान खान के साथ एक शीर्षकहीन फिल्म में नजर आ सकती हैं। फिल्मफेयर की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों को एक और प्रोजेक्ट के लिए एक साथ साइन किया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक सलमान और रश्मिका एटली द्वारा निर्देशित एक आगामी फिल्म में नजर आने वाले हैं। सूत्रों ने खुलासा किया कि ‘सिकंदर’ के सेट पर इस जोड़ी का काम करने का तरीका बहुत अच्छा था और ‘पुष्पा 2– द रूल’ में रश्मिका के प्रदर्शन ने एटली और सलमान दोनों को प्रभावित किया, जिसके कारण उन्हें एक नए प्रोजेक्ट के लिए फिर से साथ लिया गया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



## सलमान खान का वर्क फ्रंट

सलमान खान के वर्क फ्रंट की बात करें तो उन्हें आखिरी बार कैटरीना कैफ के साथ ‘टाइगर 3’ में देखा गया था। इसके बाद अब वह ‘सिकंदर’ में नजर आने वाले हैं। यह फिल्म ईद 2025 पर रिलीज होगी।

## रश्मिका मंदाना का वर्क फ्रंट

रश्मिका मंदाना के वर्क फ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार ‘पुष्पा 2’ में अल्लू अर्जुन की पत्नी श्रीवल्ली के किरदार में नजर आई थीं। अब उनके पास सलमान की सिंकदर है। 14 फरवरी को विक्की कौशल के साथ उनकी फिल्म ‘छावा’ रिलीज होगी। इसके अलावा वह धनुष और नागार्जुन अक्किनेनी स्टारर ‘कुबेर’ में भी मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं।



# अब परिवार संग स्क्रीन शेयर नहीं करना चाहते शाहिद

शाहिद कपूर और मीरा राजपूत कई विज्ञापनों में एक साथ नजर आ चुके हैं। वहीं शाहिद पिता पंकज के साथ भी कई फिल्में कर चुके हैं। लेकिन अचानक ऐसा क्यो हो गया है कि शाहिर अब अपने परिवार के साथ फिल्मों में अभिनय नहीं करना चाहते हैं। शाहिद कपूर ने अपने पिता पंकज कपूर के साथ मौसम और जर्सी जैसी फिल्मों में काम भी किया है। हालांकि, उन्होंने खुलासा किया है कि वह अब अपने परिवार के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। शाहिद ने कहा कि काम और परिवार को अलग रखना सबसे अच्छा है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद ने कहा, मैं परिवार के साथ काम नहीं करना चाहता, यह अच्छा विचार नहीं है। परिवार और काम को अलग–अलग तरीके से निपटाया जाना चाहिए। अगर वे एक साथ आते हैं, तो यह मुश्किल भरा हो जाता है। मैं उनके साथ काम नहीं करना चाहता क्योंकि अगर मैंने कुछ कहा तो उनकी भावनाएं आहत होंगी। थित तौर पर इस दौरान शाहिद ने अपनी मां नीलिमा अजीम और पत्नी मीरा राजपूत के बारे में कहा, आपके जीवन में हमेशा महिलाएं ही होती हैं, वे आपको बताती हैं कि आप कितने अच्छे या बुरे हैं। मेरी पत्नी और मां दो ऐसे व्यक्ति हैं, जिनकी मैं बहुत सुनता हूं। मैं उन पर भरोसा करता हूं, अगर वे कुछ ऐसा कहती हैं जो अच्छा नहीं लगता, तो मैं जानता हूं कि वे ऐसा इसलिए कह रही हैं क्योंकि मुझे इसे सुनना है। म की बात करें, शाहिद कपूर अपनी आगामी फिल्म देवा में एक पुलिस अफसर की भूमिका निभा में नजर आएंगे। इस फिल्म में शाहिद के साथ पूजा हेगड़े, पावेल गुलाटी, प्रवेश राणा और कुब्रा सैत भी नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित और सिद्धार्थ रॉय कपूर और उमेश केआर बंसल द्वारा निर्मित, देवा 31 जनवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# परदे पर ओशो का किरदार अदा करने पर मिथुन चक्रवर्ती ने तोड़ी चुप्पी

दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को लेकर काफी समय से चर्चा है कि वे दार्शनिक और आध्यात्मिक गुरू ओशो रजनीश की बायोपिक में लीड रोल अदा करेंगे। काफी वक्त से मिथुन का लुक भी बदला हुआ है, वे लंबे बाल और बढ़ी हुई दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। इसके बाद फैंस की उत्सुकता और बढ़ रही है। एक्टर किसी फिल्म में ओशो का रोल अदा करने वाले हैं या नहीं, इसे लेकर खुद उन्होंने चुप्पी तोड़ी है। मिथुन चक्रवर्ती का कहना है कि उन्हें ओशो की भूमिका ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं हुआ है। अभी इसमें चार–पांच लग सकते हैं। मिथुन ने फैंस की अटकलों पर बात करते हुए कहा कि लोग उनसे लगातार इस बारे में पूछते हैं। एक्टर ने कहा फिल्म द कश्मीर फाइल्स के लिए फोटोशूट के दौरान एक फिल्म एटिडर ने ओशो के साथ उनकी समानता पर टिप्पणी की थी। एक्टर ने आगे कहा, मुझे ओशो का रोल ऑफर भी हुआ है, लेकिन अभी कुछ कंफर्म नहीं है। अभी इसमें पांच–छह साल लगेंगे। शायद भविष्य में ऐसा हो। मैं यह रोल करूं। मिथुन ने कहा, जब मैं द कश्मीर फाइल्स कर रहा था तब मैंने कुछ फोटोज लिए थे। मैं उनमें खास मुद्राओं में बैठा था। लोगों ने उन तस्वीरों को देखने के बाद कहा कि ओशो जैसा लग रहा हूं। मुझे ओशो रजनीश की बायोपिक भी ऑफर हुई है, लेकिन अभी कुछ भी कंफर्म नहीं है। अगर ओशो रजनीश की बायोपिक बनती भी है तो उसे बनने में पांच–छह साल लगेंगे।

## एक बड़ी जिम्मेदारी है यह किरदार

मिथुन ने आगे कहा, विवेक अग्निहोत्री चाहते हैं कि मैं ओशो की बायोपिक में काम करूं। एक और इंसान ने मुझे ओशो की बायोपिक के लिए ऑफर दिया है। मैं इसे करना चाहता हूं, लेकिन मुझे पता है कि ये एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। ओशो के फॉलोवर्स के लिए वे अब भी एक जिंदा भगवान हैं। वे एक महान इंसान थे और मैं उनकी बहुत इज्जत करता हूं। वर्क फ्रंट की बात करें तो मिथुन द दिल्ली फाइल्स में नजर आएंगे।



# हेरा फेरी 3 पर मुहर लगने के बाद शुरू हुआ काम!

हेरा फेरी 3 के आधिकारिक तौर पर शुरू होने से प्रशंसक रोमांचित हैं। अपने जन्मदिन पर मशहूर फिल्म निर्माता प्रियदर्शन ने एलान की कि वह लोकप्रिय कॉमेडी फेंचाइजी की तीसरी किस्त का निर्देशन करेंगे, जिसमें अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की तिकड़ी एक बार फिर साथ नजर आएंगे, जिसमें उनकी शानदार ऑन–स्क्रीन केमिस्ट्री वापस आएगी। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर नया अपडेट सामने आया है।

कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस बहुप्रतीक्षित फिल्म की शूटिंग इस साल दिसंबर में शुरू होगी। हेरा फेरी 3 को इस साल दिसंबर से मई 2026 तक छह महीने में फिल्माया जाएगा। फिल्म की मूल रूपरेखा और आर्क पहले से ही तैयार हैं। बताया गया है कि यह एक ऐसी कहानी को चमकाने और विकसित करने के बारे में है, जो राजू, श्याम और बाबूराव के पंथ के साथ न्याय करेगी। प्रियदर्शन फिलहाल भूत बंगला की शूटिंग में व्यस्त हैं और फिल्म निर्माता जून 2025 तक वीएफएक्स और पोस्ट–प्रोडक्शन के लिए अपना संपादन पूरा कर लेंगे। इसके बाद वह स्क्रिप्ट पर कुछ समय बिताना चाहते हैं और फिर हेरा फेरी 3 को फ्लोर पर ले जाना चाहते हैं। पूरी टीम जानती है कि हेरा फेरी कितनी बड़ी फेंचाइजी है और वे पहले जैसा हंसी का अनुभव देने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। हेरा फेरी का तीसरा भाग छह महीने की राइटिंग और प्री–प्रोडक्शन के बाद फ्लोर पर जाएगा।



# देवा से पहले इन हिंदी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं पूजा हेगड़े



**फिल्म देवा सिनेमाघरों में 31 जनवरी को रिलीज हो गई है। यह फिल्म मलयालम फिल्म मुंबई पुलिस की रीमेक है। इसमें शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े नजर आएंगी। पूजा हेगड़े साउथ इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। हालांकि, बॉलीवुड में भी उन्होंने काम किया है। देवा से पहले वे हिंदी फिल्मों में बॉलीवुड के सुपरस्टार्स के साथ नजर आई हैं।**

## मोहनजो–दाड़ो

पूजा हेगड़े ने साल 2016 में फिल्म मोहनजो–दाड़ो से बॉलीवुड फिल्मों में डेब्यू किया। अपनी पहली ही हिंदी फिल्म में उन्हें ऋतिक रोशन जैसे सुपरस्टार के साथ काम करने का अवसर मिल गया। मगर, उनकी डेब्यू हिंदी फिल्म ही फ्लॉप रही। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। करीब 120 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म सिर्फ 58.23 करोड़ ही कमा पाई।

## हाउसफुल 4

साल 2019 में रिलीज हुई इस मल्टी–स्टारर फिल्म में पूजा हेगड़े नजर आईं। इस एक्शन कॉमेडी फिल्म को दर्शकों का प्यार मिला और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने 16.50 करोड़ रुपये कमाए और टोटल नेट कलेक्शन 194.60 करोड़ रुपये रहा। इस फिल्म में पूजा हेगड़े ने राजकुमारी माला का रोल अदा किया।

## राधे श्याम

यूं तो यह फिल्म मूल रूप से साउथ की ही है, लेकिन हिंदी दर्शकों तक भी पहुंची। इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया गया। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। साल 2022 में आई इस फिल्म में पूजा हेगड़े और प्रभास नजर आए थे।

## सर्कस

साल 2022 में पूजा हेगड़े फिल्म सर्कस में नजर आईं। रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रणवीर सिंह, जैकलीन फर्नांडिस और वरुण शर्मा जैसे सितारे भी नजर आए। मगर, यह फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर ही साबित हुई। करीब 150 करोड़ रुपये के बजट में बनी फिल्म 35.65 करोड़ रुपये पर ही सिमट गई।

## किसी का भाई किसी की जान

साल 2023 में पूजा हेगड़े को बॉलीवुड के भाईजान सलमान खान के साथ काम करने का मौका मिला। इस बॉलीवुड फिल्म से बहुत उम्मीदें थीं। मगर, कुछ खास रंग नहीं दिखा पाई। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने औसत प्रदर्शन किया। अब पूजा हेगड़े देवा में नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोशन एंड्रूयज कर रहे हैं। देखना दिलचस्प होगा कि पूजा हेगड़े की यह फिल्म क्या रंग जमाती है।

# फिर टूटा राखी सावंत का तीसरी शादी का सपना

कुछ दिनों पहले राखी सावंत अपनी तीसरी शादी की वजह से सुर्खियों में आई थीं। पाकिस्तानी एक्टर डोडी खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने राखी को शादी के लिए प्रपोज किया था। इतना ही नहीं, राखी ने कई इंटरव्यू में इस बात की पुष्टि की थी कि वह डोडी से शादी करने जा रही हैं और शादी पाकिस्तान में होगी, जबकि भारत में रिसेप्शन होगा। हालांकि अब डोडी ने यू–टर्न ले लिया है और राखी को फ्रेंड जोन में डाल दिया है, उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उन्होंने राखी के साथ कोलाब किया है। उन्होंने कहा– सलाम वालेकुम हिंदुस्तान पाकिस्तान, मैं डोडी खान, कुछ दिन पहले आपने मेरे सोशल मीडिया पर एक वीडियो देखा, जिसमें मैंने राखी सावंत को प्रपोज किया। बिलकुल ठीक देखा आपने, उन्हें प्रपोज करने की वजह ये थी कि मैं बहुत अच्छे से उन्हें जानता हूं, उनको जब मैंने जाना पहचाना तो एक खुदा से मोहब्बत करने वाला इंसान उनके अंदर दिखा। मेरा ख्याल ये है कि लोगों को ये स्वीकार नहीं, क्योंकि जितने मुझे मैसेज और वीडियो आए, उतना तो मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **सुनील कुमार** द्वारा वी-22 खजूर वाली गली नम्बर-2 अरविंद नगर, घोंडा दिल्ली-110053 से प्रकाशित एवं कारे प्रिंटिंग प्रेस 574ए विजय पार्क गली नम्बर-2 मौजपुर दिल्ली-110053 से मुद्रित।
किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **सम्पादक : सुनील कुमार** RNI NO.- DELHIN/2007/22401